Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 254 | सोमवार, 15 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### एशिया कप 2025 में लगातार अपनी दूसरी जीत हासिल

# भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया



**नई दिल्ली।**

भारत ने रविवार को एशिया कप 2025 में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 31 गेंदें शेष रहते सात विकेट से मात दी। भारत और पाकिस्तान क्रिकेट टीम पहलगाम हमले के बाद पहली बार आमने-सामने थे, जिसमें सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने बाजी मारी। इस मुकाबले में सबसे ज्यादा ध्यान मैच के बाद की हरकत ने आकर्षित किया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैच के बाद हाथ नहीं मिलाया और अपने-अपने पवेलियन लौट गए। बता दें कि सूर्यकुमार यादव ने टॉस के समय भी पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाया था। भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान पर मिली जीत को सेना को समर्पित किया। सूर्या ने मैच के बाद कहा, 'हम पहलगाम हमले के पीड़ित परिवार वालों के साथ खड़े हैं और उनके साथ संवेदना व्यक्त करते हैं। हम आज की अपनी इस जीत के अपनी सेना को समर्पित करना चाहते हैं।' बता दें कि दुबई में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 127 रन बनाए। जवाब में भारत ने 15.5 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। इस जीत से भारत को 2 अंक मिले। इससे पहले भारत ने यूएई को 9 विकेट से मात दी थी। सूर्या की टीम दो मैचों में 4 अंक के साथ ग्रुप-ए में शीर्ष स्थान पर काबिज है।

**भारतीय सेना को समर्पित जीत**

### सूर्या ने जड़ा विजयी छक्का

बता दें कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपना बर्थ-डे बेहद स्पेशल मनाया और विजयी छक्का जमाया। सूर्या ने सुफियान मुकीम की गेंद पर मिडविकेट के ऊपर से छक्का जमाया। भारतीय कप्तान ने 37 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 47 रन बनाए। भारतीय टीम इस जीत के साथ ग्रुप-ए में शीर्ष पर बरकरार है।

## संशोधित वक्फ कानून से जुड़े तीन मुद्दों पर आज अंतरिम फैसला



**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट आज संशोधित वक्फ कानून से जुड़े तीन मुख्य विषयों पर अंतरिम फैसला सुनाएगा। इसमें वक्फ संपत्तियों को डिनोटिफाई करने और वक्फ बोर्डों की संरचना जैसे सवाल शामिल हैं। केंद्र सरकार ने कानून का बचाव किया है, जबकि याचिकाकर्ता इसे संविधान के खिलाफ मान रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट आज तीन प्रमुख मुद्दों पर अपना अंतरिम फैसला सुनाएगा। इनमें एक मुद्दा यह है कि क्या वक्फ घोषित की गई संपत्तियों को अदालतें वक्फ की सूची से हटा (डिनोटिफाई करना) सकती हैं या नहीं। इसके साथ ही यह भी देखा जाएगा कि क्या कोई संपत्ति उपयोग के आधार पर वक्फ (वक्फ बाय यूजर) या किसी दस्तावेज के जरिए वक्फ (वक्फ बाय डीड) घोषित की जा सकती है। ये सभी मुद्दे वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान उठे थे। चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने 22 मई को इन तीनों पर दोनों पक्षों की दलीलों को सुना था, जिसके बाद अंतरिम अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया गया था।

**22 मई को सुरक्षित रखा गया था आदेश**

## एशिया में भारत-पाकिस्तान मैच पर बवाल, ओवैसी ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।**

एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच पर पहलगाम आतंकी हमले के बाद गहरा विवाद खड़ा हो गया है, जहाँ ओवैसी ने केंद्र सरकार पर 26 नागरिकों की जान से ज्यादा मैच की कमाई को महत्व देने का आरोप लगाया है। यह विरोध प्रदर्शन राष्ट्रीय सम्मान और आर्थिक लाभ के बीच के गंभीर नैतिक संघर्ष को उजागर करता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के पुराने बयान भी याद दिलाए जा रहे हैं। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले देश दो खेमों में बंट गया है। पहलगाम आतंकी हमले में 26 नागरिकों की मौत और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव के कारण इस मैच को लेकर देशभर में कड़ी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कई राजनेता और नागरिक इस मुकाबले के खिलाफ हैं।



## नुमालीगढ़ में पीएम मोदी ने किया बायो-इथेनॉल प्लांट का उद्घाटन



**18,000**

करोड़ रुपये की परियोजनाएं मिली है आज असम को

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के नुमालीगढ़ में 5,000 करोड़ के बायो-इथेनॉल प्लांट का उद्घाटन किया, इसे 'विकसित असम, विकसित भारत' की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कांग्रेस पर अलगाववाद फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार असम को विकास, रोजगार और ऊर्जा आत्मनिर्भरता दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के गोलाघाट जिले के नुमालीगढ़ में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने नए इथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी मौजूद थे। इस उद्घाटन से पहले, पीएम मोदी ने दरांग में भी कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया था। नुमालीगढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन 'विकसित असम, विकसित भारत' की गौरव यात्रा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि असम को आज लगभग 18,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मिली हैं, जो राज्य के विकास को गति देंगी। पीएम मोदी ने कहा कि असम भारत की ऊर्जा शक्ति को बढ़ाने वाला राज्य है, और यहां के पेट्रोलियम उत्पाद देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि जिस नए बायो-इथेनॉल प्लांट का उद्घाटन किया गया है, वह बांस से इथेनॉल बनाएगा, जो असम के लिए गर्व की बात है।

इसके अलावा, एक पॉलीप्रोपाइलीन प्लांट का भी शिलान्यास किया गया है। पीएम के अनुसार, ये परियोजनाएं असम में उद्योगों को बढ़ावा देंगी, युवाओं और किसानों के लिए नए अवसर पैदा करेंगी, और भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं।

### कांग्रेस पर सीधा हमला

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लंबे समय तक असम और पूरे देश पर शासन किया, लेकिन उनके शासनकाल में विकास की रफ्तार धीमी रही और विरासत भी संकट में रही।

## राहुल गांधी आज आएंगे पंजाब पीड़ितों से करेंगे मुलाकात

**चंडीगढ़।**

राहुल गांधी सोमवार को पंजाब दौरे पर रहेंगे। वह अमृतसर और गुरदासपुर में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर पंजाब सहित हिमाचल प्रदेश, उतराखंड, जम्मू-कश्मीर में आई बाढ़ पर गहरी चिंता व्यक्त की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे। वह अमृतसर और गुरदासपुर में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात भी करेंगे। साथ ही बाढ़ से खराब हुई धान की फसल के नुकसान का भी जायजा लेंगे। सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे और यहां से सीधा अजनाला, रमदास के गांव में जाकर लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह गुरदासपुर जाएंगे और वहां के हालातों का जायजा लेंगे। इसके साथ ही किसानों से भी मुलाकात करेंगे। राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर पंजाब सहित हिमाचल प्रदेश, उतराखंड, जम्मू-कश्मीर में आई बाढ़ पर गहरी चिंता व्यक्त की और साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि इस संकट की घड़ी में लोगों तक हर संभव मदद पहुंचाई जाए।





## विनाशकारी मानसून में गई 404 की जान

**शिमला।**

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (रऊटअ) ने रविवार को पुष्टि की कि 229 मौतें भूस्खलन, अचानक बाढ़, डूबने और मकान ढहने जैसी बारिश से जुड़ी घटनाओं के कारण हुईं, जबकि 175 अन्य लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में जान गई। हिमाचल प्रदेश में विनाशकारी मानसून के मौसम में 20 जून से अब तक 404 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (रऊटअ) ने रविवार को पुष्टि की कि 229 मौतें भूस्खलन, अचानक बाढ़, डूबने और मकान ढहने जैसी बारिश से जुड़ी घटनाओं के कारण हुईं, जबकि 175 अन्य लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में जान गई। अब तक कुल अनुमानित नुकसान 4,48,905.58 लाख रुपये (44,890 करोड़ रुपये से अधिक) है।

## टकराव की जड़ श्रेष्ठता का भाव, हम सब एक हैं का मंत्र जरूरी:मोहन भागवत

**नई दिल्ली।**

मोहन भागवत ने विश्व में होने वाले टकरावों का मुख्य कारण 'भगवान' के एक या अनेक होने पर बहस बताया, जिसका समाधान 'सिर्फ 'भगवान' हैं और कोई नहीं' के सिद्धांत में निहित है। उन्होंने भारत की आस्था को 'प्रत्यक्ष अनुभूति' पर आधारित बताते हुए, 'हम सब एक हैं' के भाव से ही वैश्विक सद्भाव और शांति संभव होने पर जोर दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की पुस्तक 'परिक्रमा कृपासार' के विमोचन समारोह को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने भारत की आस्था को 'प्रत्यक्ष अनुभूति' पर आधारित बताया और कहा कि यह कोई काल्पनिक आस्था नहीं, बल्कि ऐसी आस्था है जिसे कोई भी व्यक्ति अपने प्रयासों से अनुभव कर सकता है। भागवत ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए प्रत्यक्ष प्रमाण की आवश्यकता होती है, लेकिन आज के समय में खुद को वैज्ञानिक कहने वाले लोगों के पास भी प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं हैं। इसके विपरीत, भारत की आस्था के लिए प्रत्यक्ष प्रमाण मौजूद हैं, जिन्हें प्रयास और प्रयोगों से प्राप्त किया जा सकता है।

भारत के गौरवशाली अतीत का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा दी गई 'पवित्रता की चेतना और भावना' के कारण, भारत 3000 वर्षों तक दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश था। उन्होंने आगे कहा कि उस दौरान तकनीकी प्रगति बहुत अधिक थी, लेकिन पर्यावरण का कोई क्षरण नहीं हुआ।



## संपादक की कलम से

# आसमां बंद नहीं है

हिमाचल की क्षमता का दोहन सरकारी पींगों में उछलता रहा, लेकिन यह फैसला नहीं हुआ कि आसमान को खोला कैसे जाए। कई आसमां बंद हैं तुम्हारे शहर के, जमीं पे ठोकरें खा के भी तूने ऊपर न देखा। हम सरकारी प्रक्रियाओं में जन्नत की उम्मीद लिए, तय न कर पाए कि हर घर में सपना बदल रहा है। पूरे विश्व, देश और हमारे पड़ोसी राज्यों के सपने बदले हैं, बल्कि उनके सपनों में शरीक हमारे युवा भी पलायन कर रहे हैं। एक अच्छा फैसला स्कूली शिक्षा को लेकर यह हुआ है कि प्रदेश के करीब दो सौ स्कूलों में सीबीएसई का पाठ्यक्रम लागू होगा। हैरानी यह कि ऐसे फैसलों का हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड के कर्मचारी संगठन विरोध कर रहे हैं। बेशक गुणवत्ता के आधार और शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य की प्राप्ति के लिए हिमाचल स्कूल बोर्ड भी बहुत कुछ कर सकता था, लेकिन वार्षिक परीक्षाओं के ढर्रे से ऊपर इसकी निगाह ही नहीं गई। अगर सरकार चुनकर दो सौ स्कूल सीबीएसई के सुपुर्द करने जा रही है, तो इन्हीं में से दो दर्जन स्कूलों को आधुनिक शिक्षा के आदर्श मॉडल बनाने के लिए हिमाचल शिक्षा बोर्ड भी तो फैसला ले सकता है। गुणात्मक सुधार की दृष्टि से शिक्षा बोर्ड ने पिछले दस सालों में अगर कुछ किया होता, तो सरकारी स्कूलों से निजी की ओर पलायन न होता। यह बीमारी सार्वजनिक क्षेत्र के हर संस्थान की है। दरअसल सार्वजनिक क्षेत्र को अपने तौर तरीके बदलते हुए निजी क्षेत्र की कार्य संस्कृति को अपनाना होगा। हमने बीबीएन जैसे बड़े औद्योगिक क्षेत्रों की क्षमता का विवेचन किया होता तो उत्पदान की वृद्धि में इजाफा हो जाता। क्या हमने औद्योगिक क्षेत्रों के निर्धारण में यह तय किया कि वहां हिमाचली आकाश के लिए कौन सी धरती जरूरी है। क्या पालिटेक्नीकल स्कूल व कालेज से शुरू हुई पढ़ाई व प्रशिक्षण की श्रृंखला औद्योगिक शहरों तक पहुंची या यह किसी रोजगार कार्यालय में दर्ज होकर रह गई। हिमाचल में आज का युवा अपने भविष्य के लिए स्वरोजगार को कैसे अपनाए या हिमाचली निवेश से प्रदेश का भविष्य कैसे संवरे, इस पर विभिन्न विभागों ने कितनी बैठकें कीं। प्रदेश के आर्थिक उत्थान में एक हिमाचली का क्या और कहां तक योगदान हो सकता है, क्या इस सोच की कोई परिपाटी बनी। पर्यटन को ही लें, तो क्या पर्यटन आर्थिकी, निवेश या रोजगार पर हमारी शिक्षा ने उदाहरण बनाए। अगर ढंग से हम इतिहास के विषय को पर्यटन की रगों में उतार देते, तो पर्यटक गाइड की भूमिका में कई सोये हुए गांव–कस्बे जाग जाते। उदाहरण के लिए सुजानपुर टीहरा, पुराना कांगड़ा, चंबा–मंडी, नाहन, शिमला व कई अन्य ऐतिहासिक व धरोहर क्षेत्रों की पर्यटन सेल्स पिच पर प्रशिक्षित टूरिस्ट गाइड सही मायनों में उतर आएं, तो सैलानियों की संतुष्टि का आधार पुष्ट हो जाएगा। किसी पर्यटक स्थल पर निजी होटल के कमरे बुक करता टैक्सी ड्राइवर, पोर्टर या गाइड तो मिल जाएगा, लेकिन सरकारी होटलों की जानकारी के कोई स्तंभ नहीं मिलते। हर जिला की आर्थिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक, व्यापारिक, खान–पान, परंपरागत तथा गीत–संगीत से जुड़ी विशेषताओं से बाजार का परिचय आकाश तक होना चाहिए, लेकिन हम अपनी क्षमता के बाजार में रोजगार का निर्यात कर बैठे हैं। सुंदरनगर हो या प्रदेश के हर हाई–वे और पर्यटक स्थलों के खान–पान के बाजार से गुजरते पर्यटक से पूछें तो वहां सिड्डू, मोमो या बर्गर बेचते बाहरी राज्यों के लोग मिल जाएंगे। हिमाचल में होटल निर्माण के फायदे लीज पर बाहरी लोगों द्वारा ली गई संपत्तियों में चले जाते हैं। हर सरकारी स्कूल का संचालन अगर एक प्रबंधक के तहत हो, तो लक्ष्य भी स्पष्ट होंगे।



ललित शर्मा
संपादक

# मोदी सरकार का उद्देश्य सिर्फ आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक आंदोलन




*उनका लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर बनाना है,और जीएसटी में राहत छोटे उद्योगों को सस्ता कच्चा माल और कम लागत देकर इस सपने को हकीकत में बदलने की दिशा में एक मजबूत कदम है। मोदी सरकार का उद्देश्य सिर्फ आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक आंदोलन भी है। जब देशवासी स्थानीय उत्पादों को अपनाते हैं, तो वे न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि अपने इतिहास, कारीगरी और परंपराओं को भी संजोते हैं। आज, भारतीय उपभोक्ता पहले से अधिक सजग हैं। वे समझते हैं कि हर स्वदेशी खरीदारी एक रोजगार का सृजन करती है और एक आत्मनिर्भर भारत की नींव को और मजबूत करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वदेशी भारत का सपना अब एक नई ऊंचाई की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों के बाद अब सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में दी जा रही राहतों के जरिए घरेलू उद्योगों को एक नई उड़ान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा कुछ आवश्यक घरेलू उत्पादों पर जीएसटी दरों में कटौती की घोषणा की गई है। इसका सीधा लाभ छोटे और मध्यम दर्जे के स्वदेशी निमाताओं को मिलेगा। इससे न केवल उनकी उत्पादन लागत घटेगी, बल्कि उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता भी बढ़ेगी। उदाहरण के लिए, हैंडलूम वस्त्र, बांस उत्पाद, घरेलू खिलौने और आयुर्वेदिक दवाओं पर जीएसटी दरों में राहत दी गई है, जो ग्रामीण भारत और पारंपरिक उद्योगों को एक नई ऊर्जा देगी।*

जीएसटी की दरों में हालिया बदलाव ने छोटे उद्योगों के लिए नई उम्मीदें जगाई हैं। 2025 में कई सामानों पर जीएसटी की दरें कम की गई हैं। मिसाल के तौर पर, 28 प्रतिशत के स्लैब से कई उत्पादों को 18 प्रतिशत और कुछ को 12 से 5 प्रतिशत तक लाया गया है। कोई भी देश तभी आत्मनिर्भर बन सकता है, जब वह अपनी रोजमर्रा की जरूरतों का सामान खुद बनाए। स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना इस दिशा में सबसे जरूरी कदम है। यही वजह है कि दुनिया भर के देश अपने छोटे और कुटीर उद्योगों को मजबूत करने पर जोर देते हैं। देश की समृद्धि तभी संभव है, जब आयात और निर्यात का संतुलन बना रहे और दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता कम हो। आज वैश्विक दबावों के बीच भारत में स्वदेशी को बढ़ाने की बात जोर-शोर से हो रही है। इसी दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ा और सराहनीय कदम उठाया है जीएसटी की दरों में कटौती।

**छोटे कारोबारियों को फायदा**

जीएसटी की दरों में हालिया बदलाव ने छोटे उद्योगों के लिए नई उम्मीदें जगाई हैं। 2025 में कई सामानों पर जीएसटी की दरें कम की गई हैं। मिसाल के तौर पर, 28 प्रतिशत के स्लैब से कई उत्पादों को 18 प्रतिशत और कुछ को 12 से 5 प्रतिशत तक लाया गया है। इससे उत्पादन की लागत कम होगी, खासकर हैंडीक्राफ्ट्स और लेदर-फुटवेयर जैसे क्षेत्रों में, जहां जीएसटी 12 से घटकर 5 प्रतिशत हो गया है। इसका सीधा फायदा यह होगा कि छोटे कारोबारियों को कच्चा माल सस्ता मिलेगा, उनकी लागत 7-8 प्रतिशत तक कम होगी, और वे बाजार में ज्यादा प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। इस कदम से न सिर्फ उत्पादन सस्ता होगा, बल्कि उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे टीवी और अन्य सामानों पर जीएसटी 28 से 18 प्रतिशत होने से उनकी कीमतें 7-8 प्रतिशत तक कम हो सकती हैं। इससे लोग ज्यादा खरीदारी करेंगे, खासकर ऑटो, कंज्यूमर गुड्स और एफएमसीजी जैसे क्षेत्रों में। नतीजतन, छोटे उद्योगों की के सामान की बिक्री बढ़ेगी और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**वैश्विक बाजार में और प्रतिस्पर्धी बनेंगी**

जीएसटी में कटौती का एक और बड़ा फायदा निर्यात के क्षेत्र में दिखेगा। कम टैक्स से भारतीय उत्पादों की कीमतें वैश्विक बाजार में और प्रतिस्पर्धी बनेंगी। खासकर लेदर और फुटवेयर जैसे निर्यात-आधारित उद्योगों को इससे खासा लाभ होगा। ये क्षेत्र लाखों लोगों को रोजगार देते हैं, और इनकी मजबूती से ग्रामीण और छोटे शहरों की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। हैंडीक्राफ्ट्स जैसे क्षेत्रों में कारीगरों को सस्ता कच्चा माल और बेहतर मुनाफा मिलेगा, जिससे उनकी आजीविका सुधरेगी।

**वोकल फॉर लोकल का नारा**

भारत विविधताओं वाला देश है,जहां हर क्षेत्र की अपनी विशेषताएं, कारीगरी, उत्पाद और संस्कृति है, लेकिन वैश्वीकरण के कारण हमारे देश के लोकल उत्पादों की उपेक्षा होती रही है। इस स्थिति को बदलने के लिए भारत सरकार ने वोकल फॉर लोकल का नारा दिया है। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक आंदोलन है जो आत्मनिर्भर भारत की नींव रखता है वोकल फॉर लोकल का अर्थ है स्थानीय उत्पादों के लिए आवाज उठाना और उनका समर्थन करना। इसका उद्देश्य है कि हम देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता दें, उन्हें अपनाएं, और उनके प्रचार-प्रसार में मदद करें ताकि स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को प्रोत्साहन मिले।

**आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम**

विदेशी उत्पादों पर निर्भरता को कम कर स्वदेशी उत्पादों को अपनाना भारत को आत्मनिर्भर बना सकता है। जब हम स्थानीय उत्पादों को खरीदते हैं, तो इससे छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिलता है और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। हमारे देश की हस्तकला, कपड़ा उद्योग, मिट्टी के बर्तन, और अन्य पारंपरिक उत्पादों को समर्थन मिलता है। देश में ही उत्पादन और खपत से पैसे का प्रवाह देश के भीतर रहता है, जिससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।

आम जनता की भूमिका रहे

हमें विदेशी ब्रांड्स के पीछे भागने की बजाय भारतीय उत्पादों को अपनाना चाहिए। सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से लोकल उत्पादों का प्रचार करना चाहिए। त्योहारों और अन्य अवसरों पर भारतीय कारीगरों द्वारा बनाए गए सामान का उपयोग करें। उदाहरण के तौर पर आज खादी, हैंडलूम, हस्तशिल्प, आयुर्वेदिक उत्पाद जैसे पतंजलि आदि को अपनाकर लोग वोकल फॉर लोकल को समर्थन दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश का चिकनकारी, कश्मीर का कढ़ाईदार वस्त्र, और राजस्थान की हस्तशिल्प कलाएं सब हमारी लोकल ताकतें हैं।

**गेम-चेंजर साबित होगा फैसला**

कुल मिलाकर, जीएसटी सुधार छोटे उद्योगों के लिए एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। यह न केवल उनकी दक्षता बढ़ाएगा, बल्कि टैक्स की जटिलता को भी कम करेगा। हालांकि इससे सरकारी राजस्व में थोड़ी कमी आ सकती है, लेकिन लंबे समय में यह अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा और विकास दर को बढ़ावा देगा। मोदी जी का यह कदम स्वदेशी को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह छोटे उद्योगों को नई उड़ान देने का वादा करता है, जिससे न सिर्फ कारोबारी, बल्कि पूरा देश समृद्ध होगा।

## उदय किशोर साह



## जाति पाति की बन्द हो लड़ाई

कविता

जाति पाँति की बन्द हो लड़ाई
हम हिन्दुस्तानी हैं भाई भाई
माँ भारती के हम सच्चे सपूत
सीमा पे जायेगें बन कर दूत

रोम रोम में हैं राष्ट्रभक्ति समाई
मातृभूमि ने संस्कार सिखलाई
जरूरत नहीं हैं जो हैं कुपुत
सीमा पे जायेगें बन कर दूत

पहले राष्ट्र तब हम हैं सब भाई
राष्ट्रभक्ति की जज्बा है समाई
शहादत भी देंगें भारत के पूत
सीमा पे जा येगें बन कर दूत

यह धरती जन्नत सम कहलाई
जहाँ माँ गंगे नित्य प्यास बुझाई
विश्व शांति के बनेगें हम सुत
सीमा पे जायेगें बन कर। दूत

कण कण में हैं जहाँ देव समाई
हर पत्थर देव तुल्य है भाई
विश्व कल्यांण से हम अभिभूत
सीमा पे जायेगें बन कर दूत

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# जयपुर ओपन जेल जहां रक्षक जेलर ही बने भक्षक कैदी पति, पत्नि का मिल कर,करा दिया अपहरण शिकायत दर्ज



जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दुस्तान शिवसेना
मो0न- 9811371054
9818951279




राजस्थान प्रदेश की सबसे बड़ी ओपन जेल यानी खुला बंदी शिविर सांगानेर जयपुर के इंचार्ज जेलर हेमराज वैष्णव और उनके गुंडा साथियों पर यहां सजा काट रहे एक बंदी सतीश उर्फ सत्यनाराय गुजर पुत्र देवपाल ने अपनी पत्नि गौरंती सैनी और खुद के अपहरण करने, मारपीट करने और उसका जेल रिकॉर्ड खराब कर उसके विरुद्ध झूठा मुकदमा दर्ज कर उसे वापस जेल भेजने के आरोप लगाते हुए अपने अधिवक्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया के माध्यम से एक लिखित शिकायत प्रदेश के डीजीपी, पुलिस आयुक्त जयपुर, डीजी एवं आईजी जेल के साथ साथ मालपुरा गेट जयपुर के थाना प्रभारी को रजिस्टर्ड डॉक एवं ई मेल द्वारा भेजी है, इस बाबत दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजा भईया ने आज पत्रकारों को भेजी गई शिकायत की प्रतियां देते हुए और बंदी सतीश के हवाले से बताया कि उनका उपरोक्त मुवक्किल यहां ओपन जेल में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहा है कुछ दिन पूर्व बंदी सतीश ने जिला सवाई माधोपुर निवासी एक युवती गौरन्ति सैनी से आर्य समाज मंदिर में प्रेम विवाह किया था लगभग दो महीनों से उसकी पत्नि उसके घर ग्राम डाविच तहसील खंडार जिला सवाई माधोपुर में सतीश की मां के साथ रह रही थी दो,तीन दिन पूर्व वो बंदी सतीश से मिलने ओपन जेल सांगानेर जयपुर में आई थी और उसी के साथ उसको मिले जेल परिसर में बने कमरे में रह रही थी इस बात की भनक उसके परिजनों को लग गई और वह लोग छह सात की संख्या में दस तारीख को उपरोक्त ओपन जेल पर पहुंच गए तथा साम सात बजे के बाद बंदियों की गिनती होने के पश्चात यहां के जेलर इंचार्ज हेमराज वैष्णव से सांठ गांठ तथा मिली भगत कर उनके साथ ही अवैध रूप से जेल परिसर में घुसकर बंदी सतीश को मिले कमरे में जबरन घुस गए और जेलर की मौजूदगी में ही दोनों पति पत्नि से मारपीट की तथा स्वयं जेलर के द्वारा भी उनसे मार पीट की गई और जबरन जेलर के इशारे पर वह गुंडे किस्म के लोग बंदी की पत्नी को एक बोलोरो गाड़ी में डाल कर वहां से ले गए, जिसकी सूचना उनके मुवक्किल जेल बंदी सतीश ने तत्काल अपने मोबाइल फोन से पुलिस कन्ट्रोल रूम को दे दी, मौके पर पुलिस आई सारे हालतों का जायजा लिया और बंदी सतीश के बयान भी दर्ज किए, बकौल सतीश के फोन पर उसके बाद थाने से भी एक महिला पुलिस कर्मी का फोन आया और सारी घटना का विवरण उससे लेने के बाद जल्द कार्यवाही करने का भरोसा भी दिया, उसी दिन रात लगभग बारह बजे उपरोक्त जेलर तीन लोगों के साथ फिर से बंदी सतीश के कमरे पर पहुंचे और सतीश को ये कहते हुऐ उन लोगों के हवाले कर दिया कि ये लोग पुलिस वाले हैं थाने से आए हैं इनके साथ जा कर थाना प्रभारी से मिल कर और रिपोर्ट दर्ज करा कर आ जाना और उसे धमकी भी दी कि घटना में उसका नाम नहीं लेना वर्ना जेल रिकॉर्ड खराब कर तुझे झूठे केस में फंसा कर वापस जेल भेज दूंगा, बंदी सतीश को लेने आए लोगों में से एक व्यक्ति ने पुलिस की वर्दी भी पहनी हुई थी और उसके पास हथियार भी था इसलिए उन्हें पुलिस वाला समझ बंदी सतीश उनके साथ विश्वास कर चला गया जिसे वो बिना नम्बर प्लेट वाली एक कार जिसके शीशे पर पुलिस लिखा था में बैठा कर ले गए और कार में बैठाते ही उसका मोबाइल फोन उससे ले कर बंद कर दिया तथा उसे थाने ना ले जा कर पूरी रात सड़कों पर ही कार में घुमाते रहे विरोध करने पर उसके साथ कार में भी मारपीट की गई और सुबह लगभग साथ बजे के करीब उसे जयपुर में ही एक सड़क पर उतार कर यह कहते हुऐ चले गए कि हमने कुछ नहीं किया है हमने तो सिर्फ जेलर साहब का हुकुम बजाया है सतीश जब वापस उपरोक्त ओपन जेल जाने के लिए जेल के पास पहुंचा तो उसे ओपन जेल के ही अन्य बंदी रास्ते में मिले और बताया कि तुम जेल पर मत जाना जेलर हेमराज तुम्हारी बीबी के घर वालो से मिला हुआ है और तुम्हे झूठे एनडीपीएस के केस में फंसा कर वापस जेल भेजने की तैयारी उन लोगों के साथ मिल कर, कर चुका है इस बात से और उसके साथ हुई उपरोक्त घटना से डर कर उनका मुवक्किल वापस उपरोक्त ओपन जेल नहीं गया और मुझ अधिवक्ता से सम्पर्क कर मुझे मिला तथा उपरोक्त बाबत लिखित शिकायतें जेलर व उनके साथीयों के विरुद्ध दर्ज कराई हैं और तभी से वह अपनी जान बचाता हुआ फिर रहा है?? एडवोकेट तोमर ने कहा कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो कोई क्या करे जिन पर सुरक्षा का जिम्मा है वहीं अपराध में लिप्त है,उन्होंने जेलर पर इस बाबत कई चौंकाने वाले कानूनी सवाल खड़े किए है उन्होंने कहा बिना किसी अधिकारी की आज्ञा के इतने सारे प्राइवेट व्यक्ति रात के समय जेल परिसर में बने उनके मुवक्किल के कमरे तक आखिर कैसे पहुंचे, पुलिस कंट्रोल रूम को फोन करने और लिखित बयान देने के बावजूद उनके मुवक्किल की शिकायत पर घटना के अनुसार आखिर एफआईआर क्यों नहीं दर्ज की गई, उनके मुवक्किल व उनकी पत्नी के साथ आखिर मार पीट क्यों की गई, बिना महिला पुलिस और थाने की पुलिस के आखिर जेलर महोदय ने किस नियम व कानून के अनुसार एक महिला को रात के बख्त जबरन उसके पति से अलग कर कुछ प्राइवेट लोगों के हवाले कर दिया जबकि महिला उनके साथ जाने से मना कर रही थी और उनसे अपनी जान को खतरा बता रही थी, महिला द्वारा अपनी जान को खतरा बताए जाने के बावजूद आखिर जेलर ने खुद पुलिस को मौके पर क्यों नहीं बुलाया,पुलिस कर्मी बता कर मेरे मुवक्किल सतीश को आखिर क्यों और किन लोगों के हवाले जेलर महोदय ने किया जो उसके साथ पूरी रात मार पीट कर उसे गाड़ी में घुमाते रहे, उसकी पत्नि आखिर कहां और किस हाल में है, क्यों जेलर सतीश को झूठे केस में फंसा कर वापस जेल भेजना चाहते हैं, इससे स्पष्ट है कि उपरोक्त जेलर मेरे मुवक्किल की पत्नी के घर वालो व उनके साथ आए गुंडा किस्म के लोगों के साथ मिले हुऐ हैं उन्होंने अपने लोक सेवक और जेलर होने के कर्तव्यों को भी नहीं निभाया है अब देखना होगा कि इस शिकायत में इतने गम्भीर आरोप होने के बाद क्या पुलिस और जेल प्रशासन उपरोक्त जेलर व उनके साथियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही करेगा या फिर इस मामले को लीपा पोती कर दवा दिया जाएगा।

# गरीबों और किसानों के चेहरे की मुस्कान बन रही भाजपा: हरीश गंगवार

वेलकम इंडिया



**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि आज भाजपा गरीबों और किसानों के चेहरे की मुस्कान बन रही है। भाजपा ने गरीबों को यह एहसास कराया है कि उनका एक वोट किस तरह से उनकी तकदीर बदल सकता है। ऐसे में आगामी पंचायत चुनाव में भी जनता यह तय कर चुकी है कि भाजपा को जिताना है। हमारी सभी बूथ समितियों को सिर्फ अपने बूथों को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए। यदि यह काम हो गया, तो पंचायत चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत तय है। बूथ संपर्क अभियान के तहत रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष स्वार विधानसभा क्षेत्र के टांडा नगर मंडल पहुंच गए। यहां उन्होंने शक्तिकेंद्रों के अनुसार बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कीं। उन्होंने कहा कि भाजपा आज केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि गरीबों और किसानों के जीवन में आशा की एक किरण बनकर उभरी है। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं आज गांव-गांव में बदलाव की कहानी लिख रही हैं। चाहे बात हो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की, जिससे करोड़ों किसानों को सीधा आर्थिक सहयोग मिला है, या फिर उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना आदि हों। सभी योजनाओं का लाभ जमीन पर पात्रों को मिल रहा है। किसानों को समय पर खाद, बीज, सिंचाई और फसल बीमा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने में भाजपा सरकारों ने रिकॉर्ड कार्य किए हैं। साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य में लगातार वृद्धि और मंडियों के डिजिटलीकरण ने किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य दिलाने में मदद की है।

उन्होंने कहा कि पार्टी की प्राथमिकता हमेशा गरीब, किसान और मजदूर वर्ग रहा है। आज गांवों में जब बिजली, सड़क, पानी और आवास की सुविधाएं पहुंच रही हैं, तो लोग कह रहे हैं भाजपा है तो भरोसा है। बैठक में बूथ स्तर पर आ रही समस्याओं, मतदाता सूची के पुनरीक्षण, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने के तरीकों और संगठन की मजबूती जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## मायके और ससुराल वालों में हुई जमकर मारपीट

**औरंगाबाद/बुलंदशहर ।** गांव पिपाला में एक विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने देवर सहित पांच लोगों के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। विवाहिता ने देवर पर छेड़छाड़ करने और ऐतराज करने पर उसके मायके वालों के साथ मारपीट करने का भी आरोप लगाया है।

गांव पिपाला निवासी राजकुमारी राजकुमारी पत्नी प्रवीन सिंह ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर अवगत कराया है कि उसके पति प्रवीन सिंह सी आर पी एफ में बिहार में तैनात हैं। उसके देवर सुरेश पाल ने शनिवार को सुबह भैस नहलाते समय छेड़छाड़ शुरू कर दी। ऐतराज जताने पर उसके साथ मारपीट कर दी। इस घटना को मैंने अपने मायके वालों को बताया जिसपर मेरे मायके राजपुर पोस्ट मलकपुर से मेरे पिता राजवीर सिंह और चाचा रामपाल सिंह मेरी बड़ी बहन के साथ गांव पिपाला आये तो सुरेश मोहित रोहित बृहमपाल और विकास ने मेरे पिता और चाचा को लाठी डंडों से मारपीट कर बुरी तरह जख़्मी कर दिया।

# टाण्डा में भाकियू (टिकैत) का बढ़ता कुनबा, युवाओं ने उत्साह से ली सदस्यता



वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का कुनबा नगर में दिन-ब-दिन बढ़ रहा है। शनिवार शाम को नगर के कई युवाओं ने उत्साह के साथ भाकियू की सदस्यता ग्रहण की। नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला ने नए सदस्यों का जोरदार स्वागत किया और संगठन के मिशन को साझा किया। मजहर अली ने कहा कि भाकियू किसानों का सच्चा हमदर्द है, जो फसलों के उचित दाम, कर्जमाफी और आधुनिक संसाधनों के लिए संघर्ष करता है।

उन्होंने नए सदस्यों से गांव-गांव तक संगठन की नीतियों को पहुंचाने और किसानों की एकजुटता बढ़ाने की अपील की। भाकियू सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास के लिए भी सक्रिय है। नए सदस्यों ने किसान समुदाय की आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला सचिव साबिर अली, युवा नगर अध्यक्ष फरीद खां, मास्टर मोहम्मद रफीक, नदीम सैफी, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद तस्लीम उर्फ छोटा चांद, इंतिजार कुरैशी, मोहम्मद फारूक और मोहम्मद अतीक मौजूद रहे।

## फर्जी सिम कार्ड एक्टीवेट कर विदेश में भेजने वाले ग्रुप के 05 शातिर अपराधी गिरफ्तार



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** थाना साइबर क्राइम रामपुर को फर्जी सिम काड्र्स एक्टिवेट कर दक्षिण एशियाई देश कम्बोडिया भेजने वाले सिम बिक्रेताओं / ढडर के सम्बंध सूचना प्राप्त हुई इस सूचना पर थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा तत्वरित कार्यवाही करते हुए तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए जांच की गयी जांच के मध्य भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र, नई दिल्ली एवं मुख्यालय साइबर क्राइम उत्तर प्रदेश के इनपुट के आधार पर 05 फर्जी सिम बिक्रेताओं के बिरूद्ध थाना साइबर क्राइम, रामपुर पर मु0अ0सं0 08/2025, 340(2), 336(3), 61 बीएनएस व धारा-66उ, 66ऊ, आईटीएक्ट पंजीकृत किया गया था।

## सोशल मीडिया पर शस्त्र लहराने वाला शातिर अपराधी सजल गिरफ्तार



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर नांगल।** सोशल मीडिया पर अवैध शस्त्र लहराने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी सजल पुत्र सुखदेव निवासी ग्राम तिसोतरा थाना नांगल को गिरफ्तार कर लिया। युवक का वीडियो प्लेटफार्म (एक्स) पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। शुक्रवार को थाना नांगल पुलिस ने दबिश देकर सजल को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर और एक तमंचा 12 बोर बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार सजल शातिर किस्म का अपराधी है और उसके खिलाफ पहले भी कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। वह हत्या के प्रयास, पोक्सो व शस्त्र अधिनियम सहित कई मामलों में जेल जा चुका है पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर शस्त्र लहराकर दहशत फैलाने वाले अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विनोद कुमार, कांस्टेबल रोहित कुमार और कांस्टेबल सोनू शामिल रहे।

# ह्रदयांश कौशिक को राष्ट्रीय लोक दल छात्र सभा का नूरपुर नगर अध्यक्ष मनोनीत किया



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर ।** राष्ट्रीय लोक दल छात्र सभा का कार्यक्रम नूरपुर नगर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोक दल छात्र सभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अभिजीत चाहल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोक दल छात्र संघ के बिजनौर जिला अध्यक्ष परितोष चंदेल ने की।

राष्ट्रीय लोक दल छात्र सभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अभिजीत चाहल की संस्तुति पर राष्ट्रीय लोकदल छात्र सभा के जिला अध्यक्ष परितोष चंदेल ने ह्रदयांश कौशिक को राष्ट्रीय लोक दल छात्र सभा का नूरपुर नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ह्रदयांश कौशिक ने नूरपुर नगर अध्यक्ष बनने पर अपने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय लोक दल छात्र सभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अभिजीत चाहल ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों को जन-जन तक पहुंचने का कार्य करें चौधरी अजय सिंह की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाये उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोकल अभियान चल रहा है उसमें सभी कार्यकर्ता सहयोग करें और नगर में गांव-गांव जाकर रालोद की सदस्यता ग्रहण कराये। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल युवा के नूरपुर विधानसभा अध्यक्ष सूर्य मलिक, आईटी सेल के अरिसुदन सिंह, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिरोही, वंश सारंग, तरंग सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्योहारा क्षेत्र में अफशा नर्सिंग होम का शुभारंभ, स्वास्थ्य सेवाओं की हुई शुरूआत



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**स्योहारा।** धामपुर रोड स्योहारा क्षेत्र में निवासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। यहाँ अफशा नर्सिंग होम नामक एक नए अस्पताल का उद्घाटन हुआ है, जिससे क्षेत्र के लोगों को अब गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ सुलभ हो सकेंगी। इस कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं चेयरमैन शेख फैसल वारसी ने फीता काटकर की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अस्पताल क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सेवा के रूप में कार्य करेगा और आम जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में पत्रकार साजिद मलिक, इरफान अंसारी, पूर्व प्रधान अनु और नदीम अंसारी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। सभी के चेहरे पर इस स्वास्थ्य केंद्र के खुलने की खुशी साफ झलक रही थी। अफशा नर्सिंग होम के खुलने से स्थानीय निवासियों को अब हर प्रकार की सामान्य और आपातकालीन चिकित्सा समस्याओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें उचित इलाज अब अपने ही इलाके में, नजदीक ही मिल सकेगा। इससे न केवल लोगों का समय बचेगा बल्कि आर्थिक बोझ भी कम होगा। यह अस्पताल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के एक नए युग की शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है।

# धामपुर में प्रजापति समाज की बैठक



वेलकम इंडिया

**धामपुर।** नगर पालिका परिषद मे स्थित पुस्तकालय में प्रजापति समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन का नाम महाराजा दक्ष प्रजापति सेवा समिति बिजनौर रखा गया।

बैठक में समाज की मजबूती और उन्नति के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। इनमें संगठन का विस्तार, समाज के योग्य व्यक्तियों को दायित्व देना, गरीब बच्चों की शिक्षा दिलाने के प्रयास, दहेज प्रथा को उपहार स्वरूप बदलने की पहल, समाज में तलाक की प्रवृत्ति पर अंकुश, गरीब परिवार की बेटियों की शादी में सहयोग और उनके सम्मान की व्यवस्था जैसे विषय प्रमुख रहे। यह भी निर्णय लिया गया कि अगली बैठक में समिति के अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष सहित पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान संजीव प्रजापति ने की, संचालन वरिष्ठ पत्रकार पंकज दक्ष ने किया। इस अवसर पर नीरज कुमार प्रजापति, बृजपाल सिंह, रवि प्रजापति, धर्मदेव सिंह, रंजीत सिंह प्रजापति, एडवोकेट लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र कुमार, डॉ. हिमांशु दक्ष, डॉ. अशोक, गौतम प्रजापति , डॉ. केशव कुमार, डॉ. कपिल कुमार, डॉ. रणवीर सिंह, आदित्य प्रजापति , ललित, सचिन कुमार,राजकुमार, मनिक, दीपक, धर्मेंद्र, मोनू, रवि कुमार, सतीश,नमित, सतपाल सिंह, अंकित, वीरेंद्र,नरदेव सहित प्रजापति समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# धामपुर में प्रजापति समाज की ऐतिहासिक बैठक

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर के धामपुर नगर पालिका परिषद मे स्थित पुस्तकालय में प्रजापति समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन का नाम ह्लमहाराजा दक्ष प्रजापति सेवा समिति बिजनौरह्व रखा गया ।बैठक में समाज की मजबूती और उन्नति के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। इनमें संगठन का विस्तार, समाज के योग्य व्यक्तियों को दायित्व देना, गरीब बच्चों की शिक्षा दिलाने के प्रयास, दहेज प्रथा को उपहार स्वरूप बदलने की पहल, समाज में तलाक की प्रवृत्ति पर अंकुश, गरीब परिवार की बेटियों की शादी में सहयोग और उनके सम्मान की व्यवस्था जैसे विषय प्रमुख रहे।

यह भी निर्णय लिया गया कि अगली बैठक में समिति के अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष सहित पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया जाएगा ।बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान संजीव प्रजापति ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ पत्रकार पंकज दक्ष ने किया ।इस अवसर पर नीरज कुमार प्रजापति, बृजपाल सिंह , रवि प्रजापति, धर्मदेव सिंह, रंजीत सिंह प्रजापति, एडवोकेट लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र कुमार, डॉ. हिमांशु दक्ष, डॉ. अशोक, गौतम प्रजापति , डॉ. केशव कुमार, डॉ. कपिल कुमार, डॉ. रणवीर सिंह, आदित्य प्रजापति , ललित, सचिन कुमार,राजकुमार, मनिक, दीपक, धर्मेंद्र, मोनू, रवि कुमार, सतीश,नमित, सतपाल सिंह, अंकित, वीरेंद्र,नरदेव सहित प्रजापति समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर एसोसिएशन धामपुर नगर इकाई गठित

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



धामपुर। पत्रकारों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए समर्पित आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर एसोसिएशन की धामपुर नगर इकाई का विधिवत गठन किया गया। इस अवसर पर नगर के स्वागत रेस्टोरेंट में आयोजित बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार अमीन अहमद ने संगठन की नीतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज की गरिमा और निष्पक्षता का प्रतीक है और आईरा इन्हीं मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्यरत है। संगठन मंत्री इशरत अली उर्फ शानू सिद्दीकी ने अपने संबोधन में कहा कि आईरा सदैव पत्रकारों की समस्याओं और अधिकारों की लड़ाई में अग्रणी रहेगा। स्योहारा नगर अध्यक्ष इमरान सिद्दीकी ने संगठन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि बीते एक दशक में आईरा ने हजारों पत्रकारों को न्याय दिलाने में अहम योगदान दिया है। इस अवसर पर आईरा के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. तारिक जकी ने कहा आईरा एक परिवार है, यहां मैं नहीं बल्कि हम की भावना है। संगठन सदैव पीड़ित और संघर्षरत पत्रकारों के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। कार्यक्रम का संचालन नगर सचिव संजय शर्मा ने किया। बैठक में स्योहारा टीम के तफसील मालिक, गुलजार अहमद, टिंकू उर्फ कामिल हसन, सुबहान अली फरीदी, अरशद अली और आसिफ रईस अंसारी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। धामपुर नगर इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए नगर अध्यक्ष अमित शर्मा ने संगठन को तहसील स्तर पर मजबूत बनाने पर बल दिया। नवनियुक्त पदाधिकारी वसीम अहमद उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट ऑफिसर, मोहम्मद आसिम तहसील लीगल एडवाइजर, नाजिम अंसारी तहसील मीडिया इंचार्ज, वसीम अकरम तहसील पब्लिक रिलेशनशिप ऑफिसर, अब्दुल रहमान खान सोशल वालंटियर, शमशीद सोशल वालंटियर, फैसल अंसारी तहसील सेक्रेटरी, शिवाली खान तहसील जॉइंट सेक्रेटरी, नजाकत अहमद सोशल वालंटियर, कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भी शिरकत की और संगठन की नई इकाई को शुभकामनाएं दीं।

# गुलदार के हमले से महिला की मौत का मामला डीएफओ ऑफिस में दाह संस्कार की कोशिश

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर के तहसील नजीबाबाद क्षेत्र के एक महिला ओर बनी आदमखोर गुलदार का निवाला पूजा पत्नी सुनील कुमार ग्राम इस्सेपुर निवासी पति-पत्नी चारा लेने खेत में गए थे तभी गुलदार ने महिला पर हमला कर दिया महिला को पहले गुलदार ने मारा और बाद में सिस्टम ने उपचार छोड़िए, एंबुलेंस तक नहीं मिली किसानों के धरना प्रदर्शन के बाद भी सरकारी एंबुलेंस नहीं मिली। महिला के शव को नजीबाबाद के वसीम कुरैशी की निशुल्क एंबुलेंस से बिजनौर भेजा गया ।हमले के बाद पति बाइक पर पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा तो वहां से उसे रेफर कर दिया गया पर एंबुलेंस नहीं दी गई ।पति सात किलोमीटर तक बाइक पर ही पत्नी को निजी अस्पताल में लेकर गया, जहां पत्नी की थोड़ी देर बाद मौत हो गई ।महिला की मौत के बाद भी शव ले जाने को एंबुलेंस नहीं दी गई। पति बाइक पर ही पत्नी के शव को लेकर वन विभाग कार्यालय में चल रहे भाकियू अराजनैतिक के धरने में लेकर पहुंचासरकारी एंबुलेंस ना मिलने से लोगों ने उठाया सवाल ।गुलदार के हमले से महिला की मौत का मामला । ऊऋड ऑफिस में दाह संस्कार की कोशिशडीएफओ दफ्तर नजीबाबाद में महिला की चिता हुई तैयार ।महिला के चिता के साथ डीएफओ की चिता भी बनाने में जुटे किसान ।प्रदर्शन कर्मियों ने कहा 20 मिनट में डीएम के न आने पर चिता को किया जाएगा आगे के हवाले ।दो सप्ताह में चौथी मौत हो जाने से किसान यूनियन का गुस्सा भी फूटा।

# विधायक ने ग्राम चौपाल में सुनीं लोगों की समस्याएं, निराकरण का दिया आश्वासन

## बुनियादी सुविधाएं सभी क्षेत्र व विधानसभा की जनता को मिलें यहीं हमारा प्रयास:विधायक विनय वर्मा

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शोहरतगढ़।** विकास खंड बढ़नी के ग्राम पंचायत झरुआ में रविवार को ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। गांव के लोगों ने शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा का जोरदार स्वागत किया।

ग्राम प्रधान विरेंद्र जायसवाल ने विधायक को फूलों का हार पहनाकर व बुकें देकर उनका स्वागत किया। अपने गांव की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। गांव की समस्या गांव मे समाधान कार्यक्रम के तहत ग्राम चौपाल में मौजूद लोगों ने क्षेत्रीय विधायक विनय वर्मा से अपनी-अपनी समस्याओं को साझा किया। जिसके बाद उन्होंने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।इस दौरान क्षेत्रीय विधायक विनय वर्मा ने कहा कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए वह हमेशा प्रयासरत रहते हैं। बढ़नी में सीएचसी निर्माण, बढ़नी व शोहरतगढ़ में बस स्टेशन, अग्निशमन केन्द्र, बारात घर, खेल स्टेडियम जैसी नई से क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल, प्रकाश जैसी बुनियादी सुविधाएं सभी क्षेत्रवासियों को मिलें, यही कोशिश की जाती है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित लोककल्याण कारी योजनाओं का लाभ सभी को बिना किसी भेदभाव का मिल रहा है।

इस दौरान ग्राम प्रधान वीरेन्द्र जायसवाल, चन्द्रकेश भारती, रामदास मौर्य, प्रदीप कमलापुरी, अनिल मिश्र, रत्नेश सोनी, अशोक पासवान, सन्तोष पासवान, विजय पाण्डेय, वचारी जायसवाल, राजू जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, विन्देश्वरी निषाद आदि मौजूद रहे।



## चेकिंग अभियान के दौरान बकाया पर कटे बिजली कनेक्शन

**बरेली।** जिले भर में बिजली विभाग का शिकंजा अब कसता नजर आ रहा है। बिजली विभाग द्वारा की जा रही चेकिंग अभियान के दौरान रामपुर रोड स्थित आनंद विहार कॉलोनी के एक मसाज पार्लर में चोरी की बिजली पकड़ी गई। हैरानी की बात यह रही कि इस पार्लर का 1.43 लाख रुपये का बिल बकाया होने पर पहले ही कनेक्शन काटा जा चुका था, लेकिन संचालक ने चोरी कर धंधा चमकाना जारी रखा। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि बिजली चोरी और लाइन लॉस को रोकने के लिए रामपुर रोड, शाहजहांपुर रोड, बहेड़ी और आंवला में अभियान चलाया गया। इसी दौरान रामपुर रोड पर स्थित आनंद विहार कॉलोनी के एक मसाज पार्लर में बिजली चोरी पकड़ी गई। जांच के दौरान पता चला कि 1.43 लाख रुपये बिल बकाया होने पर पूर्व में उसका कनेक्शन काटा गया था। अभियान में 414 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन की जांच की गई।

# प्रेम-प्रसंग और रुपए न चुकाने में किशोर की हत्या करने वाले दो दोस्त गिरफ्तार, भेजे जेल

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना क्षेत्र के ग्राम बनुहिया बुजुर्ग निवासी 11वीं के छात्र आकाश गुप्ता की हत्या उधार के बारह हजार रुपये न चुकाने और प्रेम-प्रसंग में उसके दोस्तों ने ही की थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों शैलेश यादव निवासी पचमोहनी थाना खेसरहा व निखिल राय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने मामले का पदार्फाश किया। एसपी ने बताया कि क्षेत्र के खेसरहा थाना क्षेत्र के बेलउख के पास विशम्भर राय के बाग में किशोर की निर्मम हत्या कर दी गई थी। शव की शिनाख्त 16 वर्षीय आकाश गुप्ता पुत्र लालमन गुप्ता निवासी ग्राम बनुहिया बुजुर्ग थाना खेसरहा के रूप में हुई। परिजनों की तहरीर पर दो लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया गया था। मामले का पदार्फाश करने के लिए एसओ खेसरहा अनूप कुमार मिश्र की टीम और एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी टीम के साथ मामले की जांच में लगे थे। इसी बीच रविवार को मुखबिर की सूचना पर शैलेश यादव निवासी पचमोहनी थाना खेसरहा और शनिवार रात पचमोहनी प्राइमरी स्कूल के पास से निखिल राय को सुहई कनपुरवा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल प्लास, पेचकस व मृतक के सोने की चेन बरामद कर लिया गया है। इसमें लूट की धारा बढ़ाई गई है। पकड़ने वाली टीम को 15 हजार रुपये का इनाम दिया गया।

इस दौरान थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा, एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी, प्रभारी सर्विलांस हरेन्द्र चौहान, उप निरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप यादव सहित एसओजी व थाना खेसरहा की पूरी टीम शामिल रही।

# पुलिस आयुक्त के आदेश पर पति समेत तीन के खिलाफ दहेज का मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस ने रविवार की रात पुलिस आयुक्त के आदेश पर महिला के प्रार्थना पत्र पर पति, सास व ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई। जानकारी के अनुसार अमिनी गांव (मिजार्मुराद) निवासिनी महिला नीतू पटेल ने पुलिस आयुक्त के यहां प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाई की अमिनी गांव (मिजार्मुराद) निवासी मिठाई लाल के पुत्र राजेश पटेल के साथ मेरी शादी बीते 13 मार्च 2020 में हिन्दू रीतिरिवाज से काफी दान दहेज देकर मेरे पिता द्वारा शादी किया गया था।पति राजेश से एक 3 वर्ष का आरव नामक पुत्र व एक 2 वर्ष की आरोही नामक पुत्री है।पति आए दिन शराब पीकर घर आता है और अपने माता-पिता के चढ़ाने में आकर शराब की नशे में दहेज के लिए मारपीट करता है।पति काम के सिलसिले में जब मुम्बई चला गया तो दहेज की और मांग करते हुए सास व ससुर द्वारा आए दिन प्रताड़ित करते हुए मारा पीटा गया व बच्चों को भी परेशान करते थे बीते 27 मार्च को सभी मिलकर मारपीट घर से निकाल दिये तभी से बच्चों के साथ मायके जाकर रहती हूं।मिजार्मुराद पुलिस ने महिला के तहरीर पर पति राजेश पटेल, ससुर मिठाई लाल व सास के खिलाफ धारा 85, 115(2), 351(2) व 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई।

# लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न वादों का हुआ निराकरण

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शों के अनुक्रम में जिला न्यायालय, बागेश्वर एवं बाह्य न्यायालयों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागेश्वर के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज तोमर, की बेंच संख्या-एक में 138 एनआई एक्ट, एमएसीटी एवं वैवाहिक वादों से सम्बन्धित कुल चार प्रकरणों का निस्तारण कर 12,68,500रुपए का समझौता किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप कुमार तिवारी की बेंच संख्या दो में 138 एनआई एक्ट,फौजदारी के शमनीय वाद, पारिवारिक वाद तथा मोटर वाहन अधिनियम से सम्बन्धित कुल 79 प्रकरणों का निस्तारण कर 24,12,470 रुपए का समझौता किया गया। सिविल जज (जूनियर डिवीजन पुनीत कुमार,की बेंच संख्या-तीन में मोटर वाहन अधिनियम एवं अन्य वादों से सम्बन्धित कुल पांच प्रकरणों का निस्तारण कर कुल 2,47,500/रुपए का समझौता किया गया। इसके अलावा बैंक से सम्बन्धित कुल 30 प्री-लिटिगेशन के मामलों तथा पारिवारिक प्री-लिटिगेशन सम्बन्धी कुल एक मामले एवं वन विभाग से सम्बन्धित कुल आठ मामलों का निस्तारण कर कुल 24,09,129रुपए का समझौता किया गया। सिविल जज (जूडि.)न्यायिक मजिस्ट्रेट, गरूड़ जैनब, की बेंच संख्या-चार में 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित तीन वादों का निस्तारण कर कुल 1,57,000/रुपए का समझौता किया गया

# दहेज न मिलने पर पत्नी को दिया तलाक

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बहनोई और मामा पर छेड़छाड़ का आरोप, पति समेत 5 पर मुकदमा दर्ज**

**बरेली।** दहेज की मांग पूरी न होने पर बारादरी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता को उसके पति ने तीन तलाक दे दिया। आरोप है कि शादी के कुछ ही दिन बाद से ही पति और ससुराल वाले उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे और मायके से रुपये लाने के लिए दबाव बना रहे थे। पीड़िता ने पति के रिश्तेदारों पर भी अश्लील हरकत करने और धमकाने के आरोप लगाए हैं।

पीड़िता ने बारादरी थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि डेढ़ साल पहले कांकरटोला निवासी मोहसिन से उसकी शादी हुई थी। आरोप है कि शादी के एक महीने बाद से ही पति मोहसिन, सास कमर जहां और ननद तरन्नुम उसे दहेज के लिए परेशान करने लगे। कई बार मजबूरी में मायके से रुपये भी लाकर दिए, लेकिन ससुराल वालों का व्यवहार नहीं बदला। पीड़िता ने आगे बताया कि जब पति घर पर नहीं होता था तो मोहसिन का बहनोई राजू और मामा अशरफ घर आकर उसके साथ अश्लील हरकतें करते थे। विरोध करने पर धमकी देते थे कि हम मोहसिन से कहकर तुझे तलाक दिलवा देंगे। पीड़िता ने बताया कि एक माह पहले मोहल्ले के लोगों के सामने ही पति मोहसिन ने तीन बार तलाक कहकर रिश्ता खत्म कर दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि अब उसका पति मोहसिन और मामा अशरफ धमकी दे रहे हैं कि अगर उसने थाने में मुकदमा दर्ज कराया तो उसकी हत्या कर दी जाएगी।

## सीपी के आदेश पर शाइन सिटी के सीएमडी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद।** सीपी के आदेश पर मिजार्मुराद पुलिस ने शनिवार देर रात शाइन सिटी के सीएमडी राशिद नसीम समेत दो के खिलाफ मिजार्मुराद थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई। आरोप है कि 8.03 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। बलिया के रसड़ा थाना क्षेत्र के पंच मंदिर निवासी सुभाष चंद्र पांडेय ने वर्ष 2014 में एजेंट कन्हैया लाल जायसवाल के माध्यम से शाइन सिटी के मालिक राशिद नसीम को आरटीजीआरएस के जरिये 2.50 लाख रुपये भेजे थे। वर्ष 2019 तक चेक से 8.03 लाख रुपये जमा किए थे। इसके बाद एजेंट ने बताया कि कंपनी और उसका मालिक फरार हो गए हैं। भुक्तभोगी ने पुलिस आयुक्त वाराणसी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी।मिजार्मुराद थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल किया जा रहा है।

# अलीगंज में दो पक्षों के 6 आरोपी गिरफ्तार, दो तमंचे भी बरामद



**वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य**

**बरेली।** थाना अलीगंज क्षेत्र के ग्राम राजपुर कलां में एक जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बीते 13 सितंबर को दो पक्षों में जबरदस्त फायरिंग हुई थी, जिसमें दोनों ओर से जमकर गोलियां चलीं। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत फैल गई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से कुल 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही दो अवैध तमंचे भी बरामद किए गए हैं। 13 सितंबर 2025 को गाटा संख्या 282 को लेकर दो पक्षों यादव और पाल परिवार में पुरानी रंजिश के चलते विवाद हुआ। जब एक पक्ष खेत जोत रहा था, तभी दूसरे पक्ष ने विरोध किया और देखते ही देखते मामला तकरार से गोलीबारी में बदल गया। पुलिस ने इस मामले एक पक्ष से प्रभान्शु यादव, प्रमोद कुमार यादव, हरीश यादव, अरविन्द कुमार यादव इन्हें राजपुर कलां गोशाला के पास से गिरफ्तार किया गया। दूसरे पक्ष से धर्मवीर यादव पुत्र वीरेश पाल, प्रेमपाल पुत्र चंद्रपाल इन्हें राजपुर कलां अनुरुद्धपुर मार्ग पर पिपरमेंट फैक्ट्री के पास से दबोचा गया। दोनों पक्षों ने खेत जोतने को लेकर चल रही रंजिश और मुकदमे बाजी की बात स्वीकार की है। एक पक्ष का आरोप है कि खेत जोतने से रोकने पर गोली चलाई गई, जबकि दूसरा पक्ष कहता है कि खेत पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही थी, जिससे विवाद हुआ और जवाबी फायरिंग करनी पड़ी। अरविन्द यादव की निशानदेही पर एक नाजायज 12 बोर तमंचा और 1 खोखा कारतूस बरामद हुआ।

# एनयूजे प्रयागराज 28 सितम्बर को शहीद भगत सिंह की जयंती ब्यापक स्तर पर आयोजित करेगा

**वेलकम इंडिया**



**प्रयागराज।** नेशनल यूनियन आँफ जर्नलिस्ट प्रयागराज जिला इकाई की बैठक डायट सभागार मे सम्पन्न हुई। बैठक मे संरक्षक पवन दिवेदी संरक्षक परवेज आलम की उपस्थित मे जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे तथा संचालन उमेश श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने की। बैठक की शुरूआत प्रस्तावित मुदो को अखिलेश शुक्ला संगठन मंत्री ने सदस्यो के समक्ष रखा जिसमे संगठन के सुचारू संचालन हेतू उप समीतियाँ गठित की गयी।

स्थायी अनुशासन समीति मे पवन दिवेदी संरक्षक परवेज आलम संरक्षक उमेश श्रीवास्तव वरि उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला संगठन मंत्री अनिल त्रिपाठी कार्यकारिणी सदस्य नामित किए गए। सदस्यता जाँच समीति के लिए चित्रांशी यादव आयुष श्रीवास्तव (उपाध्यक्ष) कुलदीप सिंह इरफान खान (मंत्री) मो नसीम देवाशीष श्रीवास्तव (प्रभारी जमुना पार) मो0 शकील खान (कार्यकारिणी सदस्य) नामित किए गए।

सुरक्षा समीति आयुष श्रीवास्तव कुलदीप सिंह शनी केसरी मो शकील खान मो नसीम देवाशीष श्रीवास्तव इरफान खान शामित किए गए। सोशल मिडिया टीम धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव आयुष श्रीवास्तव उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला संगठन मंत्री कुलदीप सिंह इरफान खान मंत्री शनी केसरी मिडिया प्रभारी नामित किए गए।यह सारी उप समीतिया सर्व सम्मति से गठित हुआ।

बैठक मे सर्वश्री पवन दिवेदी परवेज आलम कुन्दन श्रीवास्तव उमेश श्रीवास्तव अखिलेश शुक्ला आयुष श्रीवास्तव चित्रांशी यादव धमेद्रं कुमार श्रीवास्तव बीरेद्रं कुमार श्रीवास्तव बी के यादव मनीष दिवेदी मधुर दरबारी कुलदीप सिंह राम बाबू इरफान खान रंजीत निषाद सौरभ आदर्श शिव पान्डेय शनी केसरी ब्रिजेश केसरवानी मो नसीम देवाशीष श्रीवास्तव मो0 शकील खान अनिल त्रिपाठी भाल चद्रं पान्डेय नफीस अहमद अशरफ अली मूलचद्रं भारती शिव जी मालवीय गौरव त्रिपाठी मनोज कुमार शेखर आजाद राकेश कुमार पाल सत्यम कुमार निषाद राम कैलाश कन्नौजिया आनन्द श्रीवास्तव अनिरूद त्रिपाठी संजय निषाद देवेद्रं शुक्ला अमित श्रीवास्तव अनूप रावत रतन शुक्ला बी पी यादव जितेद्रं कुमार सिंह अजय सिंह अभिषेक कुमार मो0 शाहिद डी एन यादव आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# लावारिस शवों की सौदेबाजी का काला कारोबार, पुलिस सख्त

**वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य**

**बरेली।** लावारिस शवों की सौदेबाजी के मामले में बरेली पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और ऑडियो के बाद कोतवाली में सिपाही नरेंद्र प्रताप और जिला अस्पताल के संविदाकर्मी सुनील के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कुछ दिन पहले सामने आए वायरल वीडियो में जिला अस्पताल की मोर्चरी में तैनात संविदाकर्मी सुनील और स्टेशन चौकी पर तैनात सिपाही नरेंद्र प्रताप लावारिस लाशों की कीमत तय करते दिखे थे।

वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने तत्काल सिपाही को निलंबित कर दिया, वहीं संविदाकर्मी को अस्पताल से हटा दिया गया। सूत्रों के अनुसार, पुलिस और अस्पताल कर्मियों से जुड़ा एक सिंडिकेट लावारिस शवों को मेडिकल कॉलेजों तक बेचता था। इन शवों की कीमत 40 हजार से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक लगाई जाती थी। मेडिकल कॉलेज इन शवों का इस्तेमाल डॉक्टरी की पढ़ाई और प्रयोगों में करते हैं।

सरकार की ओर से लावारिस शवों के अंतिम संस्कार के लिए जो अनुदान दिया जाता है, आरोपी वह रकम भी हड़प लेते थे। इस तरह दोहरा खेल कर लंबे समय से यह नेटवर्क सक्रिय था। सूत्रों का दावा है कि यह सिंडिकेट सिर्फ बरेली ही नहीं, बल्कि पूरे मंडल से लावारिस शवों की सौदेबाजी करता था। अब एफआईआर दर्ज होने के बाद आशंका है कि इस गोरखधंधे से जुड़े कई अन्य चेहरे भी सामने आ सकते हैं।

पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है और जल्द ही पूरे सिंडिकेट का पदार्फाश किया जाएगा।

# रेल हादसे में बुजुर्ग की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताई जमीनी विवाद में हत्या की आशंका

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** थाना सीबीगंज क्षेत्र के पस्तौर गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब रविवार सुबह गांव के ही रहने वाले 70 वर्षीय सियाराम की लाश रेलवे ट्रैक पर पड़ी मिली। प्रारंभिक तौर पर मामला ट्रेन से कटकर मौत का बताया जा रहा है, लेकिन मृतक के परिजनों ने इसे सुनियोजित हत्या करार दिया है। मृतक के बेटे रमन ने पुलिस को जानकारी दी कि उनके पिता रोजाना की तरह सुबह टहलने के लिए पस्तौर रेलवे स्टेशन की ओर गए थे। कुछ ही देर बाद सूचना मिली कि वह ट्रेन की चपेट में आ गए हैं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया और परिवार में कोहराम मच गया। सियाराम के परिजनों ने इसे हादसा मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। परिजनों का आरोप है कि पड़ोसी सोहनलाल, मनोज और नरेश से सियाराम का वर्षों पुराना जमीनी विवाद चला आ रहा था। उनका कहना है कि सोहनलाल अक्सर जान से मारने की धमकियां देता था। परिजनों ने आशंका जताई है कि इन तीनों ने मिलकर पहले सियाराम की हत्या की और फिर शव को ट्रेन की पटरी पर फेंक दिया ताकि मामला दुर्घटना जैसा लगे। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सियाराम की मौत ट्रेन से कटने की वजह से हुई या पहले ही उनकी हत्या की जा चुकी थी। पुलिस ने बताया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जो पूरे मामले की दिशा तय करेगी। वहीं आरोपियों की भूमिका की भी गहराई से जांच की जा रही है। घटना के बाद से पस्तौर गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीण भी सियाराम की मौत को लेकर असमंजस में हैं। कुछ लोग इसे हादसा मान रहे हैं, तो कईयों को इस घटना में किसी साजिश की बू आ रही है।

# लोक अदालत में निपटे 2.87 लाख से अधिक मामले 296 करोड़ रुपए से ज्यादा की वसूली का बना रिकॉर्ड

**वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य**



**बरेली।** जिले में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को न्याय का एक ऐसा इतिहास रचा गया, जिसकी गूंज लंबे समय तक सुनाई देगी। जिला न्यायालय परिसर में आयोजित इस विशेष अदालत में न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कुल 2,87,610 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें से अधिकांश मामलों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए 296.07 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि वसूलने के आदेश जारी किए गए।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला न्यायाधीश सुधीर कुमार, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा मां सरस्वती एवं भगवान गणेश की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अपर जिला न्यायाधीश निकुंज मित्तल, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, बरेली समेत न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

न्यायालय परिसर में लगाए गए विशेष बैंक कैम्पों के जरिए 1,418 ऋण वादों का निस्तारण किया गया और 8.85 करोड़ रुपए की वसूली की गई।

लोक अदालत के दौरान केन्द्रीय कारागार-प्रथम और द्वितीय में बंदियों द्वारा तैयार हस्तशिल्प एवं औषधीय पौधों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिनका बिक्री के लिए भी प्रदर्शन हुआ। इसके साथ-साथ स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों का स्टॉल भी लोगों का ध्यान आकर्षित करता रहा। न्यायिक जानकारी और सहायता के लिए लोक अदालत परिसर में हेल्प डेस्क की स्थापना की गई, जिसमें पैरा लीगल वालंटियर्स की तैनाती की गई। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमा शंकर कहार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को न्यायिक प्रक्रिया के प्रति जागरूक और सशक्त बनाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत ने न केवल रिकॉर्ड स्तर पर मामलों का निस्तारण किया बल्कि लाखों रुपए की राजस्व वसूली और हजारों लोगों को राहत भी प्रदान की। बरेली में आयोजित यह लोक अदालत 'न्याय सुलभ, त्वरित और सर्वहितकारी' न्याय प्रणाली का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आई है।

# शहर को अतिक्रमण मुक्त रखने में व्यापारी करें सहयोग : थानाध्यक्ष

## हटा लें अतिक्रमण, नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें अतिक्रमणकारी

वेलकम इंडिया



**मथुरा/कोसीकलां।** अपने शहर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त करने में व्यापारी दुकानदार पुलिस प्रषासन का सहयोग करें, बार बार आप लोगों को समझाना अच्छा नहीं लगता इसलिए अब अंतिम बार समझा रहा हूं अतिक्रमण को स्वयं ही हटा, मार्ग को खाली कर दें, मार्ग खाली नहीं हुआ मार्ग पर अतिक्रमण मिला तो दण्डात्मक कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। आपके शहर में श्रीराम नाम का शंखनाद होने वाला है। श्री रामलीला महोत्सव का आगाज होने वाला है। उक्त बातें थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल ने अतिक्रमण कारियों को चेतावनी देते हुए कहीं।

उल्लेखनीय हो कि गत गुरूवार को रामलीला संस्थान के मंत्री अन्नू वैद्य सहित दर्जनों पदाधिकारियों ने मेले की व्यवस्थाओं को लेकर प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात की थी और मेले को सकुषल संपन्न कराने के लिए सहयोग मांगा था। रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने दर्जनों पुलिस कर्मियों के साथ समूचे झांकी मार्गों पर वाइक के साथ साथ पैदल निरीक्षण किया और सभी व्यापारी दुकानदारों को माइक के माध्यम से मुनादी करते हुए कहा कि 2 दिन बाद श्री रामलीला महोत्सव मेला षुरू हो जाएगा, जिसके तहत शहर में झांकियां निकाली जाएगी, इसलिए मार्गो को स्वच्छ सुथरा एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने में आपका यानि शहर वासियों, व्यापारी दुकानदारों का सहयोग जरुरी है।

उन्होने गयालाल स्मृति भवन से घंटाघर एवं निकासा भरतमिलाप चौक एवं रामलीला ग्राउंड तक सडक पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर कहा कि अतिक्रमणकारी सोमवार की सांय तक स्वयं अतिक्रमण हटा लें। दुकान से लेकर फुटपाथ तक और फुटपाथ से लेकर सडक तक आ रहे सामान को व्यापारी अंदर रखें अन्यथा की स्थिति में दण्डात्मक कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

## यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने किए ई चालान

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र के गांव पौटा बादशाहपुर नहर पुल पर शनिवार शाम को संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया और वाहनों के ई चालान किए गए। जहांगीराबाद अहार रोड़ और अनूपशहर स्याना मार्ग पर यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों का बिना हेलमेट, बिना ड्राइवर लाइसेंस, ओवर सवारी, बिना सीटबेल्ट आदि आरोपों में दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहनों के एक दर्जन ई चालान काटे गए। नहर पुल पर चैकिंग अभियान चलते हुए देखकर वाहन पुलिस को चकमा देकर वापस लौट कर दूसरे रास्ते से होकर अपने अपने घर पहुंचे। थाना अहार उपनिरीक्षक सुशील कुमार एवं उपनिरीक्षक गंगा सिंह समेत होमगार्ड राजवीर शर्मा और प्रेमचंद मौजूद रहे। उपनिरीक्षक गंगा सिंह ने करीब दो दर्जन वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से समझाया।

# पितरों की आत्मा की तृप्ति और शांति के लिए ब्राह्मणों और जरूरतमंदों को कराया गया भोज

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** रविवार 14 सितंबर 2025 को कनागत की अष्टमी तिथि रही, यह दिन पूर्वजों के श्राद्ध कर्म के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, खासकर उन दिवंगत आत्माओं के लिए जिनकी मृत्यु अष्टमी तिथि को हुई हो। अष्टमी तिथि पर श्राद्ध करने से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है। यह दिन विशेष रूप से उन पितरों के लिए होता है जिनकी मृत्यु अष्टमी तिथि को हुई हो। रविवार कनागत की अष्टमी तिथि के दिन पिछले तीन वर्षों से लगातार सीबीगंज क्षेत्र के हाइवे स्थित हनुमान मंदिर के समीप खलीलपुर पार्षद रचित गुप्ता का परिवार निरंतर भंडारे का आयोजन कराता है।

गुप्ता परिवार का यह मानना है इस दिन किसी भूखे या जरूरतमंद को भोजन कराने से उनके पूर्वजों की आत्मा को तृप्ति के साथ शांति मिलती है। इस विशेष आयोजन में उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री के प्रतिनिधि एवं अग्रज अनिल कुमार सक्सेना एडवोकेट और वरिष्ठ भाजपा नेता राजन श्रीवास्तव ने भी पूर्ण मनोयोग से सहयोग किया।

भंडारे का भोजन तैयार होने के उपरांत सबसे पहले ब्राह्मणों को आमंत्रित कर उन्हें भोजन कराया गया और दक्षिणा देकर श्राद्ध भोजन का वितरण प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर अनिल कुमार सक्सेना एडवोकेट ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार श्राद्ध मास में ब्राह्मणों या जरूरतमंदों को भोजन कराने से वह भोजन सीधे पितरों तक पहुंचता है। इससे उनकी आत्मा को शांति और तृप्ति मिलती है। यह कर्म पितृ ऋण से मुक्ति का मार्ग भी माना जाता है। यह परंपरा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह संस्कार, सेवा और स्मृति का सुंदर संगम भी है। इस पुण्य कार्य में पूर्व प्रधान गौंतारा विशंभर दयाल गुप्ता, पवन गुप्ता, राजेश गुप्ता, विजय गुप्ता, दिनेश गुप्ता, सागर गुप्ता, प्रेम शंकर गुप्ता, पीयूष गुप्ता, मुकेश गुप्ता, गौरव चौधरी, प्रेमपाल सागर के साथ अन्य सम्मानित क्षेत्रीय लोगों की उपस्थिति रही।

# घर मे खड़ी मोटरसाइकिल में लगी आग, दो पशु झुलसे



**गोवर्धन।** क्षेत्र के ग्राम जमुनावता में राजू पुत्र भगवान सिंह के मकान में खड़ी बाइक में अचानक आग लग गई। यह घटना सुबह करीब 4 बजे की बताई जा रही है। घटना के समय मकान स्वामी राजू पुत्र भगवान सिंह अपने परिवार सहित घर में सो रहे थे। आग की लपटें देखकर पड़ोसियों ने शोर मचाया और मकान मालिक को सूचना दी। सूचना मिलते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। राजू ने तुरंत घर की मोटर चलाकर किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी। आग की चपेट में आने से मकान में मौजूद दो पशु भी बुरी तरह झुलस गए, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं, लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

# सोलर लाइट के लिए खन रहे गड्ढे को लेकर मारपीट, चार घायल

वेलकम इंडिया



**कछवांरोड।** क्षेत्र के ठठरा गांव (मिजार्मुराद) निवासी भाजपा पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अजय सिंह के परिवार के लोग रविवार की शाम घर के बाहर सोलर लाइट लगवाने के लिए गड्ढा खन रहे थे तभी बगल के सुरेश चौरसिया के लोग विरोध करने लगे। जब अजय सिंह ने कहां की अपने दरवाजे पर लगवा रहा तो आरोप है कि सुरेश चौरसिया के परिवार के आधा दर्जन लोग लाठी-डंडा लेकर घर में घुसकर बुरी तरह मारपीट कर अजय सिंह व उनके भाई अरविंद सिंह, भाभी निशा सिंह व भतीजे हेमंत कुमार सिंह को घायल कर दिया।

घटना के बाद मौके पर पहुंचे कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश प्रसाद पटेल सभी हमलावर भाग निकले। पीड़ित अरविंद सिंह ने मिजार्मुराद थाने में पहुंचकर गांव के ही सुरेश चौरसिया, पवन चौरसिया, अंकित चौरसिया, आयुष चौरसिया, ॠषि चौरसिया व अलका चौरसिया समेत दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर दिया।

मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि घटना के बाबत तहरीर पड़ी है जांच-पड़ताल किया जा रहा है घायलों को मेडिकल मुआयना हेतु भेज दिया गया है।

# दरोगा सिपाही पर हमला करने वाले सभी रगबाज गिरफ्तार

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** जमीन के विवाद में रास्ता बाधित करने पर जांच के दौरान दरोगा, सिपाही पर जानलेवा हमले में एक महिला सहित पांच के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। देर रात पुलिस बल ने छापामारी कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया।

आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के रामपुर बवलिया गांव निवासी बेचन गौतम की पत्नी कमलादेवी ने थाने में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि पड़ोसी कमलेश ने उसका रास्ता बाधित कर दिया है। एसआई अजय अंचल, सिपाही राकेश सरोज के साथ शनिवार शाम मौके पर पहुंचे थे। पूछताछ के दौरान कमलेश और उसके परिवार के लोग एसआई, सिपाही से भिड़ गए थे।

मारने पीटने के साथ ही उनकी वर्दी फाड़ दी थी। बाइक का टायर भी काट दिया था। थाने से पुलिस बल के पहुंचने से पहले आरोपी भाग निकले थे। देररात एसआई अजय अंचल ने रामलवट गौतम, उसके बेटों कमलेश, रंजीत, लक्ष्मीकांत और पत्नी मंतोरा देवी के खिलाफ पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमले, सरकारी कार्य में बाधा और भय का वातावरण बनाने का केस दर्ज कराया। बाद में एसओ विजेंद्र सिंह ने सभी आरोपियों को गांव के पास से ही गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। पुलिस पर हमला करने वालों से गांव के लोगों के साथ रिश्तेदारों ने भी दूरी बनाए रखी। रविवार को गांव के लोग भी आरोपियों के बारे में कुछ भी बोलने से बचते रहे।

## दो दलित युवकों के साथ की मारपीट रिपोर्ट दर्ज आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र के गांव नगला नलू में दो दलित युवकों को आठ दस युवकों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। गांव नगला नलू निवासी रोहित जाटव पुत्र स्वर्गीय राकेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को शाम के समय बाइक द्वारा अहार की ओर किसी जरुरी काम से गया था। वहां से अपने भाई गोलू के साथ घर को आ रहा था जैसे ही गांव के एक मंदिर के पास पहुंचा वहां पहले से तैयार खड़े उच्च जाति के युवाओं ने गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। हमने उनका विरोध किया तो और हमलावर हो गये। उन्होंने हमें गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

# पांच दिवसीय बलदेव अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारी शुरू



**मथुरा।** बलदेव में अग्रसेन जयंती की तैयारी शुरू हो चुकी है। बलदेव अग्रवाल समाज सेवा समिति रजिस्टर्ड बलदेव ने अपनी वार्षिक पत्रिका प्रयास का विमोचन होटल देवी कृपा पर किया। इस अवसर पर अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बताया की इस बार पांच दिवसीय महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा जिसमें सभी को अपना सहयोग प्रदान करना है और कार्यक्रम को भव्य बनाना है महामंत्री पवन गोयल ने महोत्सव में होने वाली प्रतियोगिताओं एवं अन्य कार्यक्रमों की जानकारी समाज को देते हुए कहा की अग्रसेन जयंती महोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जगदीश प्रसाद अग्रवाल ने की। विमोचन के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राकेश गर्ग, राजीव अग्रवाल, डॉक्टर के के अग्रवाल, डॉक्टर दीपक आर्य, नवीन अग्रवाल, दुर्गेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, बांकेलाल गोयल, बलदेव अग्रवाल विनोद गर्ग, दिनेश चंद्र, सुनील गर्ग, सुभाष चंद्र, संजय गर्ग, तरुण सिंघल, मनीष अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# मेरठ शहर में आधुनिक होने वाली है भव्य रामलीला, प्रेस वार्ता कर दी जानकारी



वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी

**मेरठ।** शहर की रामलीला हर वर्ष की भांति इस वर्ष और ज्यादा आधुनिक होने वाली है जिसमें एआई तकनीक का इस्तेमाल भी किया जाएगा रामलीला का मंच करीब 600 फीट से ज्यादा का होगा जिसमें प्रेम मंदिर की आकृति भी बनाई जाएगी शहर रामलीला को भव्य बनाने के लिए फिल्मी कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है रत्नाकर आर्ट कला केंद्र के कलाकार इस वर्ष शहर रामलीला में रामलीला के पात्रों का मंचन करेंगे रामलीला के आयोजन को लेकर रविवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें हमारे संवाददाता की रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता से विशेष बातचीत भी हुई जिसमें मनोज गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष रामलीला का मंचन करने वाले कलाकारों का बाकायदा ऑडिशन लिया गया उसके बाद ही उन्हें रामलीला मंचन के लिए आमंत्रण दिया गया साथ ही उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से जिम खाना मैदान और रामलीला मैदान में चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाई जा रहे हैं पुलिस प्रशासन से भी आग्रह किया गया है की रामलीला का मंचन देखने आए श्रद्धालु जब देर रात अपने घर के लिए वापस लौटते हैं तो रास्ते में उनके साथ कोई भी अप्रिय घटना ना घटे उसके लिए पेट्रोलिंग करने वाली गाड़ियों को निर्देशित किया जाए उन्होंने बताया कि क्योंकि इस समय बरसात का मौसम चल रहा है और बारिश भी पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष बहुत ज्यादा हो रही है तो जल भराव की समस्या रामलीला मंचन हो रहे मैदाने में ना हो उसके लिए विशेष इंतजाम किए जाएं जिससे दर्शकों को किसी भी तरह की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

# भंडारे के साथ समापन हुआ शिव महापुराण का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी





**मेरठ।** श्री श्याम मोरबी मंडल द्वारा जगदीश मंडप दिल्ली रोड पर आयोजित शिव पुराण कथा में सप्तम दिन का व्यास आचार्य शीतल किशन महाराज वृंदावन धाम से श्री पशुपतिनाथ महिमा भस्म रुद्राक्ष सन्यास वर्णन का प्रसंग का बहुत ही सुंदर वर्णन किया। जिसमें उन्होंने श्री पशुपतिनाथ जी की महिमा एवं रुद्राक्ष और भस्म का महत्व बताया दर्शन कथा में आगे बढ़ते हुए श्री राधा कृष्ण जी की बहुत ही सुंदर आलोकिकी झांकी का बहुत सुंदर मंचन हुआ मुख्य यजमान तरुण गुप्ता सह यजमान अंजू गोयल एवं श्री पुनीत गोयल एवं प्रीति सक्सेना एवं गिरीश नारायण सक्सेना आज की प्रसाद सेवा श्रीमती एवं अजय गोयल के सहयोग द्वारा हुआ कथा के पश्चात हवन पूर्ण आहुति एवं भंडारे का आयोजन किया गया दीपक सिंघल ने बताया 15 सितंबर शाम 7:00 बजे से विशाल शिव संध्या का आयोजन जिसमें नोएडा से रामकुमार लक्खा गौरव बंसल मेरठ से आयुष कंसल एवं बहुत ही सुंदर-सुंदर झांकियां का आयोजन है और सबसे विशेष आकर्षण भोले बाबा की बारात को कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक सिंघल राजेश मोहन हर्षित गुप्ता गौरव बंसल मनोज जौहरी मनोज कौशिक आदि का रहा।

# परिवार से मिलकर बांधे ढांढस, दिये न्याय का भरोसा



**गाजीपुर/वाराणसी।** वाराणसी भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशीष दुबे उर्फ उपेन्द्र बाबा शनिवार को जनपद गाजीपुर में थाना नोनहरा ग्राम नोनहरा में पुलिस के लाठी चार्ज में घायल होकर मृत हुए भाजपा कार्यकर्ता सीताराम के घर पहुंचकर परिवार से मिलकर हर सम्भव मदद करने का आश्वासन देकर परिवार को इस दुख के खड़ी में ढाढ़स बांधते हुए सहानुभूति पूर्वक सच्ची श्रद्धांजलि दिया और बोले कि एक गरीब ब्राह्मण परिवार का युवा व भाजपा के सच्चे सिपाही का बलिदान व्यर्थ नही जाएगा। अगर जल्द दोषियों पर कार्रवाई नही हुआ तो सभी लोग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी मिलकर कार्रवाई की मांग कर दोषियों को सजा दिलवाने का काम करूंगा। मृतक सीताराम के पिता, भाई व भाभी को बोले कि ये आपका बेटा भाई आशीष हमेशा आपके साथ खड़ा हैं।

# चोलापुर मंडल के हनुमान मंदिर पर चला स्वच्छता अभियान



वेलकम इंडिया

**वाराणसी मिजार्मुराद ।** विश्व के लोकप्रिय नेता, काशी के सांसद एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस को पूरे देश में 'सेवा पखवाड़ा' के रूप मे मनाया जा रहा हैं। इसी अभियान के अंतर्गत रविवार को चोलापुर मंडल के जगदीशपुर स्थित हनुमान मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह के नेतृत्व में भाजपाजनो ने झाड़ू उठा मंदिर परिसर की साफ-सफाई किया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य श्वेतांक तिवारी, मंडल अध्यक्ष विपिनचन्द्र राय, ग्रामप्रधान राजकुमार भारती, धीरेंद्र गिरी, विशाल सिंह, विपिन सिंह, विशाल गिरी, अवनीश सिंह समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स के सहयोग से चुन्नीलाल मेडिकल ट्रस्ट ने किया नेत्र जाँच शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद में नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स के सहयोग से चुन्नीलाल मेडिकल ट्रस्ट द्वारा नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा कुल 70 मरीजों के नेत्रों की जाँच की गई। शिविर का शुभारंभ ट्रस्ट की सचिव पूनम परिहार व सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए संस्था की सचिव पूनम परिहार ने बताया कि आंखें हमारे शरीर का सबसे नाजुक व महत्वपूर्ण अंग हैं। इसकी नियमित देखभाल करना बेहद जरूरी हैं क्योंकि नेत्रों के बिना जीवन बहुत कठिन हो जाता हैं। आमजन की इसी समस्या को देखते हुए संस्था द्वारा सितंबर माह से लेकर मार्च तक प्रत्येक माह की 14 तारीख को शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमे मरीजों के नेत्रों की जाँच की जाती हैं। जिसमें मोतियाबिंद की पहचान कर उनका ब्लड प्रेशर व शुगर की जाँच की जाती हैं। जाँच में सही पाये जाने पर उनका निःशुल्क ऑपरेशन आई लॉयन्स हॉस्पिटल में कराया जाता हैं। तथा मरीजों को एक सप्ताह की दवाईयाँ भी निःशुल्क दी जाती हैं। सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना ने बताया कि नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स के सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत सहयोग कर इस तरह के शिविरों का आयोजन कर स्वास्थ्य के प्रति विभिन्न प्रकार से लाभान्वित करने का प्रयास किया जाता हैं।

संस्था के परियोजना समन्वयक सुमित राणा ने बताया कि शिविर से पहले आसपास के गाँवों में संस्था की टीम द्वारा प्रचार किया जाता हैं। उसके पश्चात शिविर में आये मरीजों की जाँच कर उन्हें आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाईयाँ दी जाती हैं। इस शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए कुल 24 मरीजों को चिन्हित किया गया है। इस शिविर में गाँव देहरा, धौलाना, ऊंचा अमीपुर, हसनपुर, नन्दपुर, हापुड़, स्याना व पिलखुवा के मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर परियोजना समन्वयक ग्रामीण विकास संजीव भारद्वाज, गौरा तोमर, रेखा, अनुराग सिंह, सुशीला, व चवल सिंह का आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# विद्यार्थी परिषद ने किया आरी नगर कार्यकारिणी का गठन

वेलकम इंडिया



**झांसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झांसी महानगर के आरी नगर कार्यकारिणी का नवीन गठन संपन्न हुआ। जिसमें चुनाव अधिकारी के रूप में महानगर मंत्री सुयश शुक्ला प्रवासी के रूप में जिला संगठन मंत्री आकाश सिंह उपस्थित रहे।

महानगर मंत्री सुयश शुक्ला ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा गैर राजनैतिक विद्यार्थी संगठन का नाम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद है और ये कार्यकारिणी गठन से ये सुनिश्चित होता है कि राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण दायित्व है।

उन्होंने बताया कि संगठन के विस्तार हेतु आरी नगर की रचना की गई जिससे इस नगर में रहने वाले सभी विद्यार्थी ५स्त्र से जुड़ पाए और राष्ट्र के पुनः निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर पाए और जहां जहां परिसर वहां वहां विद्यार्थी परिषद का काम स्थापित हो सके इस उद्देश्य पूर्ति के लिए अइश्ढ ने पहली बार अपनी संपूर्ण इकाई बनाई।

चुनाव अधिकारी महानगर मंत्री सुयश शुक्ला द्वारा नगर अध्यक्ष डॉ शिवम तिवारी और नगर मंत्री निशांत कुशवाहा के नाम की घोषणा की गई।


नगर सह मंत्री शिव यादव राज यादव शैलेंद्र मौर्य अभिषेक कुशवाहा संयोजक अरुण अहिरवार सहसंयोजक ऋषभ अहिरवार संयोजक अखिलेश कुशवाहा सह संयोजक विजय कुशवाहा ङ्लएछड संयोजक अरुण कुशवाहा सह संयोजक तरुण श्रीवास, फङ्ट (राष्ट्रीय कला मंच) संयोजक अंशु कुशवाहा (राष्ट्रीय कला मंच) विशाल कुशवाहा सोशल मीडिया संयोजक मोंटू यादव सह संयोजक जीत यादव मीडिया संयोजक कुणाल अहिरवार सह संयोजक कार्तिक कुशवाहा नगर कार्यकारिणी सदस्य विशाल कुशवाहा असद अहमद विकास कुशवाहा ऋषि श्रीवास के नाम की घोषणा की गई।

इस दौरान सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शव पोस्टमार्टम से आया, गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल में तीन दिन पूर्व हुई विविधता की संदिग्ध मौत के बाद शव पीएम से आने के बाद परिजन शव अपने साथ ले गए। शव गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। कस्बा झिंझाना के मोहल्ला चंदनपुरी निवासी रियाजुद्दीन की पुत्री गुलशना की शादी नो वर्ष पूर्व कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी जावेद के साथ हुई थी। विगत शनिवार को विवाहिता की घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। विवाहिता की मौत की खबर सुनते ही विवाहिता के मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए थे और पति सहित ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस में मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रविवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद मायके पक्ष के लोग शव अपने साथ ले गए और गमगीन माहौल में शव को ले जाकर सपुर्द ए खाक कर दिया है।

# हिंदी दिवस पर युवा नेता करुणेंद्र व्यास ने किया पत्रकारों का सम्मान



वेलकम इंडिया

**गुरसरांय(झांसी)।** हिंदी दिवस के अवसर पर साहित्यकारों एवं पत्रकारों की एक विचार गोष्ठी तथा पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन एरच रोड पर युवा समाजसेवी नेता करुणेंद्र व्यास तनु महाराज के द्वारा आयोजित किया गया। सभी कलमकारों का सम्मान करते हुए तनु महाराज ने कहा कि पत्रकार समाज के प्रहरी हैं। आप लोग सभी को दिशा दिखाते हैं आपके सम्मान से ही सभी हम गौरवान्वित हो रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार कुंवर रामकुमार सिंह ने कहा कि हिंदी देश की पहचान है सभी मिलकर हिंदी में काम करें तभी हिंदी दिवस की सार्थकता होगी।

साहित्यकार डॉ.सुकदेव कुमार व्यास ने कविता के माध्यम से कहा कि अगर विश्व में किसी देश को भारत में व्यापार करना है तो उसे हिंदी अपनाना होगी। हिंदी के उत्थान के लिए सभी मिलजुलकर कार्य करें। वरिष्ठ पत्रकार अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि आज हमारे कार्यालयों में कार्य अंग्रेजी के माध्यम से कराए जाते हैं तथा उच्च शिक्षण संस्थानों में अंग्रेजी भाषा का प्रयोग किया जाता है वहां भी हिंदी का प्रयोग कराया जाए तो सर्वोत्तम होगा। इसके अलावा सरजूशरण पाठक, अखिलेश तिवारी सुट्टा, संदीप श्रीवास्तव ने भी हिंदी दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए हिंदी को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम का कुशल एवं सफल संचालन सार्थक नायक ने किया। इस मौके पर आशुतोष गोस्वामी, हरिश्चंद्र नायक, कौशल किशोर, धर्मेंद्र सोनी बल्ले, कुलदीप यादव आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

## सारा हेल्थ केयर सेंटर का पूर्व मंत्री सैय्यद अब्बास अली जैदी 'रुश्दी' ने फीता काट कर किया उद्घाटन



वेलकम इंडिया फतेहखान

**शुजागंज अयोध्या।** ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पटरंगा रोड स्थित मवई चौराहा पर सारा हेल्थ केयर सेंटर का भव्य शुभारंभ हुआ, सेंटर का उद्घाटन पूर्व मंत्री सैय्यद अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां ने फीता काटकर किया। पूर्व मंत्री सैय्यद अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां ने कहा कि ग्रामीण अंचल में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस सेंटर के माध्यम से स्थानीय लोगों को प्राथमिक उपचार, परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी सभी आवश्यक सुविधाएं सहज उपलब्ध हो सकेंगी। सेंटर प्रबंधन ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और आश्वासन दिया कि हेल्थ केयर सेंटर पूरी ईमानदारी व समर्पण के साथ जनता की सेवा करेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉ एम.कफील, डॉ.एम.रईस, डॉ.एम. शाकिब, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि इशरत अली, सपा नेता गुल्लू सिंह, जैनुल आबदीन, लियाकत अली, फरहान खां, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ईको गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति घायल ,गंभीर हालत मे रेफर

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** कस्बे के बुढ़ाना मार्ग पेट्रोल पंप के समीप एक ईको गाड़ी चालक ने लापरवाही से बाइक सवार व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी कार की टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

मुजफ्फरनगर जनपद के थाना खतौली क्षेत्र के गांव सरधन निवासी नवीन पुत्र कृष्णचंद्र पानीपत जिले के कस्बा सिभांलखा की एक चीनी फैक्ट्री में मुनीम की नौकरी करता है। पीड़ित के अनुसार वह कई दिन पूर्व छुट्टी लेकर अपने गांव में आया था रविवार को छुट्टी पूर्ण होने के बाद बाइक पर सवार होकर वापस फैक्ट्री में नौकरी करने के लिए जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे एक ईको गाड़ी के चालक ने लापरवाही से बाइक में टक्कर मार दी। कार की बाइक में टक्कर लगने के बाद बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने सूचना 108 एंबुलेंस को दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ईको गाड़ी को अपना कब्जा में लेकर चालक को हिरासत में लिया है।

## पति पर लगाया पत्नी ने मारपीट करने का आरोप

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक महिला ने अपने पति पर मारपीट करते हुए घर से निकलने का आरोप लगाते हुए आरोपी पति के विरुद्ध थाने पर तैयारी दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला खैल निवासी महिला फरजाना पत्नी इमरान ने बताया कि उसका पति आए दिन पीड़िता के साथ मारपीट करता है पीड़िता पर अवैध संबंधों का शक करता है। पीडित महिला ने अपने पति पर आरोप लगाया कि उसने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। पति की प्रतडना से तंग महिला ने थाने पहुंचकर आरोपी पति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## एक लाख रंगदारी व फर्जी एससी, एसटी केस में दबंगों पर मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के ग्राम कनियान निवासी सेवानिवृत्त गन्ना निरीक्षक ने गांव के दबंगों पर एक लाख रुपये की अवैध रंगदारी मांगने के साथ-साथ झूठे एससी, एसटी एक्ट के तहत फंसाने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव कनियान निवासी सेवानिवृत्त गन्ना निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने न्यायालय में अपनी शिकायत प्रस्तुत करते हुए बताया कि वे अकेले अपने गांव में रहता हैं और उनके पास कृषि भूमि (खसरा नंबर 895, है, जो सीढ़ीनुमा व बरसाती नाले के किनारे स्थित होने के कारण उपयोग में नहीं थी। उन्होंने विभागीय अनुमति लेकर वहां से वैधानिक रूप से रेत व मिट्टी का खनन कार्य शुरू कराया था। पीड़ित ने आरोप लगाया कि गांव के ही मांगेराम, ओमपाल, हरेन्द्र उर्फ बबलू और रूपेन्द्र ने पहले तो खनन कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया, फिर एक लाख रुपये की रंगदारी की मांग की। पूर्व में उन्हें दस हजार रुपये भी भुगतान करने पर मजबूर किया गया था। दबंगों ने ट्रैक्टर चालकों व मजदूरों को धमकाकर खनन कार्य रूकवा दिया, साथ ही खेत तक जाने वाले रास्ते में मिट्टी डालकर बाधा भी उत्पन्न की। पीड़ित व्यक्ति ने कई बार थाना व प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायतें दीं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोपियों द्वारा पुलिस को भी गुमराह करने की कोशिश की गई थी, परंतु जांच में आरोप झूठे साबित हुए। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कांधला को मामले का पंजीकरण कर उचित जांच करने का निर्देश दिया।

## खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र का विकास ही मेरा लक्ष्य: मो. शफीक



**संतकबीरनगर।** संविधान देश की आत्मा है संविधान ने हमें तमाम अधिकार दिये हैं। उन अधिकारों का सही प्रयोग करना है। खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरा मिशन है। उक्त बातें रविवार को खलीलाबाद विधानसभा के भावी प्रत्याशी मोहम्मद शफीक ने दानूकुइया में सामाजिक न्याय मंच के तहत आयोजित हुई संविधान अधिकार यात्रा के तहत हुई नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में उच्च शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, अच्छी सड़कें की कमी है। इसे दूर करने के लिये वह प्रयास करेंगे। इस अवसर पर मोहम्मद शफीक, मोहम्मद तय्यब, असद बस्तवी, अब्दुल नासिर उर्फ सब्बू (जिला पंचायत के भावी प्रत्याशी), अफजाल अहमद, मोहम्मद शोएब, अब्दुल वहाब, मु. ताहिर, अबू होरैरा, शमशाद अहमद आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## जसाला सचिवालय में जहरीला सांप दिखा

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव जसाला सचिवालय परिसर में एक जहरीला सांप नजर आने से सचिवालय में काम कर रहे कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। सचिवालय में सांप निकालने की खबर से मौके पर दर्जनों ग्रामीण इकट्ठा हो गए ग्राम प्रधान व कर्मचारियों ने सांप को सकुशल पकड़कर पास के जंगल में छोड़ दिया तब जाकर कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। सांप निकालने की सूचना पर ग्राम प्रधान शिवकुमार चौहान सचिवालय पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मिलकर घंटो प्रयास के बाद डंडे के सहारे सांप को पकड़ लिया। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने सावधानी और समझदारी से काम लेते हुए जहरीले सांप को बिना किसी नुकसान के पकड़कर सुरक्षित रूप से पास के खेत में छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की तत्परता और साहसिक पहल की जमकर प्रशंसा की।

# नगर व्यापार मंडल ने तय समय से पूर्व चुनाव कराने पर उठाए सवाल

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** नगर व्यापार संघ की बागनाथ मंदिर परिसर में मासिक बैठक हुई। नगर व्यापार संघ बागेश्वर द्वारा जिला व्यापार संघ और प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मनमानी और अवैध तरीके से चुनाव प्रक्रिया चलाये जाने के विरोध में अति महत्वपूर्ण बैठक कर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नगर के समस्त सम्मानित व्यापारी द्वारा प्रदेश पदाधिकारियों और जिला कार्यकारिणी के रवैये, कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए नगर इकाई के गठन हेतु जिला व्यापार संघ द्वारा कराये जा रहे चुनाव का सामूहिक बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में मौजूद सभी व्यापारियों ने सर्वसम्मति से नगर इकाई के समर्थन में अपनी बात रखते हुए व्यापार मंडल द्वारा कराए जा रहे चुनाव को तय तीन वर्ष के कार्यकाल को पूर्ण करने से पूर्व कराए जाने पर मनमाना रवैया अपनाते हुए नियमावली का उल्लंघन करने के आरोप लगाए। व्यापार संघ पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन कि नियमावली के अनुसार कोई भी कार्य जिला व्यापार संघ द्वारा किया नहीं जा रहा हैं।

वर्तमान नगर व्यापार संघ बागेश्वर चुनाव परिणाम 14सितंबर 2022 को आया था परन्तु उनका शपथ ग्रहण समारोह दो अक्टूबर को हुआ था, इस प्रकार वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल अक्टूबर माह तक का है। पिछले चुनाव का हिसाब अभी तक जिला कार्यकारिणी द्वारा नगर के व्यापारियों के सामने और नगर व्यापार संघ की वर्तमान कमेटी को आम सभा में नहीं सौंपे जाने, चुनाव प्रक्रिया को अवैध बताते हुए बिना कार्यकारिणी को अस्तित्व में लिए बगैर अवैध तरीके से तीन माह पूर्व ही चुनाव अधिकारी की नियुक्ति और सदस्यता करने करने के फैसले का विरोध जताते हुए नगर इकाई कमेटी के विरुद्ध षड्यंत्र करने के आरोप लगाते हुए इसके खिलाफ न्यायालय में भी वाद दायर कर वर्तमान कार्यकारिणी से किए गए भेदभाव के खिलाफ भी आवाज बुलंद की बात कही गई। बैठक में आमरायसुमरी से संविधान के अनुसार वर्तमान में चुनी हुई कमेटी के कार्यकाल समाप्त होनेसे पूर्व चुनाव, व्यापारियों की वार्षिक सदस्यता शुल्क 100 रुपये के बजाय जिला व्यापार संघ बागेश्वर द्वारा अवैध रूप से 150 रुपये की पर्ची काटे जाने, व्यापारियों ने विरोध किया। उप प्रबन्धक फॉमर्स सोसाइटीज एवं चिट्स हल्द्वानी जिला नैनीताल कार्यालय में रजिस्टर नियमावली में जिला व्यापार संघ द्वारा नियमों की उपेक्षा करने के आरोप लगाए गए। वही सर्वसम्मति से कराए जा रहे चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान बैठक में नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी, उपाध्यक्ष हेम जोशी, सचिव पुष्कर किरमोलिया, सह सचिव राहुल साह, महिला उपाध्यक्ष इंदु चौधरी, कोषाध्यक्ष जगदीश कार्की, पंकज पांडे, शेर सिंह बिष्ट, नितेश कुमार वर्मा, नन्दन कुमार, दयाल पांडे, पूर्व सभासद औ? व्यापारी नेता गोविन्द साह जगाती, रमेश दानू, जगदीश रावल, पंकज, महेश अधिकारी, हरीश जीना, कमल किशोर, सुनील पांडे, अंकुर उपाध्याय, रोहित कांडपाल, अंकित गोयल, सोनू कुम्लटा, नन्दन नगरकोटी, जगदीश नेगी, उदित सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे।

## विदेशी संसद में युवा उद्यमिता पुरस्कार से सम्मानित हुए सचिन



**नई दिल्ली।** आईटी रेंटल और डिजिटल एक्सेस सॉल्यूशंस की कंपनी से जुड़े रफकळ कंपनी के सीईओ सचिन राय को यूके संसद के (वेस्ट मिनिस्टर) सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में उद्यमिता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सचिन को यह सम्मान आईटी सेक्टर में तकनीकी में किए गए नए आविष्कार के लिए सम्मानित किया गया। मेक इन इंडिया के माध्यम से सचिन ने आईटी में टिकाऊ और लचीले लैपटॉप रेंटल मॉडल, तेज राष्ट्रीय सेवा और ई-वेस्ट कम करने के प्रयासों के लिए जोर दिया रफकळ कंपनी के माध्यम से व्यवसायों, विश्वविद्यालयों, इवेंट आयोजकों और सामाजिक संस्थाओं को डिजिटल एक्सेस उपलब्ध कराकर डिजिटल डिवाइस कम करने में अहम योगदान दिया है। कंपनी के संस्थापक और सीईओ सचिन राय ने कहा यह सम्मान देश के हजारों नए युवा को समर्पित है जिन्होंने मेक इन इंडिया के माध्यम से अपना स्टार्ट-अप कंपनी शुरू करते हुए स्वदेशी प्रोडेक्ट को बढ़ावा दे रहें है। जो स्थायी तकनीकी संसाधन अपनाने की दिशा में बढ़ते जागरूकता का प्रतीक है। कंपनी रेंटल फ्लीट बढ़ाने, नई साझेदारियां बनाने और तकनीकी रिफर्बिशमेंट में रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में काम कर रही है।

## हाईवे में गड्ढे बने राहगीरों को मुसीबत जिम्मेदार बेखबर



वेलकम इंडिया

**रामघाट/बुलंदशहर।** रामघाट से अलीगढ़ बुलंदशहर बॉर्डर तक कल्याण सिंह मार्ग में हो गड्ढों को भरवाने की लोक निर्माण विभाग के कुछ अधिकारियों को भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव ने शिकायती पत्र भेजकर गड्ढों को भरवाने की मांग की है।

आपको बता दें भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव ने बताया है कि अलीगढ़ रामघाट कल्याण सिंह मार्ग पर रामघाट से लेकर अलीगढ़ बुलंदशहर की सीमा तक जरगवां फौजी चौराहा रामघाट तिराहे पर सड़क में बरसात के कारण जगह जगह गहरे चौड़े गड्ढे पड़ गए हैं इन गड्ढों के कारण मार्ग पर चलने वाले वाहनों तथा स्कूली बच्चों को निकलने के लिए बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने इन गड्ढों को नहीं भरवाया तो इन गड्ढों के कारण कभी भी सड़क दुर्घटना हो सकती है भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव ने लोक निर्माण विभाग के एक्शयन बुलंदशहर को अवगत कराते हुए सड़क में हो रहे गड्ढों को भरवाने की मांग की है।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों को कांधला से राहत सामग्री का बड़ा योगदान

वेलकम इंडिया



**शामली) कांधला। (मोहसीन रहमानी)** समाज सेवा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रही कस्बे की मुस्लिम गुर्जर युवा सेवा समिति ने एक बार फिर अपने सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। हाल ही में पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र के लोगों की सहायता के लिए समिति की 15 सदस्यीय टीम पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंची। समिति के सदस्यों ने पीड़ित परिवारों के घर-घर जाकर राहत सामग्री वितरित की।

राहत सामग्री में खाद्य पदार्थ, वस्त्र, आवश्यक दवाइयां और दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री शामिल थी, जिससे बाढ़ से त्रस्त परिवारों को महत्वपूर्ण मदद मिली। समिति के सभी सदस्यों ने पंजाब के शाही इमाम से मुलाकात की पंजाब के शाही इमाम हजरत मौलाना उस्मान साहब लुधियानवी ने मुस्लिम गुर्जर युवा सेवा समिति की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऐसे समाजसेवी संगठन आपदा के समय लोगों के लिए न केवल सहारा बनते हैं, बल्कि समाज में भाईचारे और एकजुटता की मिसाल भी पेश करते हैं। मौलाना साहब ने युवाओं के इस नेक प्रयास को सराहा और भविष्य में ऐसे कार्यों को और अधिक बढ़ावा देने की अपील की। समिति के प्रमुख कार्यकर्ता एडवोकेट नावेद जंग ने कहा, ३पंजाब में आई इस भीषण बाढ़ ने जहां लाखों लोगों की जिंदगी प्रभावित की है, मुस्लिम गुर्जर युवा सेवा समिति ने पूरी ईमानदारी व लगन से पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की है। हम सभी मानते हैं कि समाज सेवा केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि कार्यों के माध्यम से अपने फर्ज को निभाना चाहिए। हमारी यह छोटी सी कोशिश प्रभावित परिवारों के लिए सहारा बन सके, यही हमारी प्राथमिकता रही। मुस्लिम गुर्जर समिति की इस सराहनीय पहल से क्षेत्र में भी विशेष प्रशंसा हो रही है। कस्बा और क्षेत्रवासी समिति के कार्यकताओं को प्रेरणादायक बताया है। समाज के अन्य वर्गों से जुड़े लोग भी इस कदम की सराहना कर रहे हैं।

# एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में शिक्षक सम्मान समारोह-2025 का उत्कृष्ट आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, गाज़ियाबाद मे शिक्षक सम्मान समारोह-2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। समारोह में निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों एवं उपस्थित शिक्षकों का हार्दिक अभिनंदन किया। इसके पश्चात डीन डॉ. आर. पी. महापात्रा ने अपने विचार व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि प्रो. एस. के. सिंह, कुलपति, राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कोटा ने अपने संबोधन में शिक्षा के बदलते स्वरूप और तकनीकी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. सुहास देशमुख, निदेशक, राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद, भारत सरकार ने अध्यक्षीय भाषण देते हुए शिक्षा क्षेत्र में नवीन पहल एवं भविष्य की संभावनाओं को साझा किया। इसके बाद बेस्ट टीचर अवॉर्ड 2025 प्रदान किए गए, जिनके अंतर्गत उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. धौम्या भट्ट, डीन झ्र आईक्यूएसी ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा अंत में राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। सभी पुरस्कार प्राप्तकताओं ने निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन, डीन डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन झ्र आईक्यूएसी डॉ. धौम्या भट्ट, डीन झ्र विज्ञान एवं मानविकी डॉ. नवीन अहलावत, डीन झ्र एफएमएस डॉ. विजयलक्ष्मी अयंगर एवं डीन झ्र रिसर्च डॉ. ए. गीता भवानी के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया। इस समारोह का उद्देश्य शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करना और शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहन देना रहा।

कार्यक्रम ने समाज निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को पुनः रेखांकित किया और उन्हें नई ऊर्जा एवं प्रेरणा प्रदान की।

## अंतरमहाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता में खिलाडियों का जलवा

**गाजियाबाद।** खेलों के प्रति विद्यार्थियों में जोश और ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आर.के.जी.आई.टी. महाविद्यालय में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर अंतरमहाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। विद्यार्थी गतिविधि परिषद एवं खेल परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 20 महाविद्यालयों की 240 खिलाडियों वाली टीमें शामिल हुईं। मैदान पर सुबह से लेकर देर शाम तक चले रोमांचक मुकाबले खेल प्रतिभा, संघर्ष और खेल भावना का अनोखा संगम साबित हुए। हर मैच में खिलाडियों का जुनून देखने लायक था और दर्शकों ने भी तालियों की गडगड़ाहट से उनका हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता के नतीजों में बालिका वर्ग में अमिटी महाविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि एके.जी. महाविद्यालय उपविजेता रहा। वहीं बालक वर्ग में आर.के.जी.आई.टी. महाविद्यालय ने दमदार प्रदर्शन कर पहला स्थान प्राप्त किया और अमिटी महाविद्यालय को उपविजेता स्थान पर संतोष करना पड़ा।

# इंटर कॉलेज खो-खो प्रतियोगिताः अमिटी ने बालिका वर्ग में, आरकेजीआईटी ने बालक वर्ग में लहराया परचम



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** आरकेजीआईटी कॉलेज में रजत जयंती वर्ष के तहत स्टूडेंट एक्टिविटी काउंसिल व स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा इंटर कॉलेज खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लगभग 20 टीमों के 240 खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना के साथ भाग लिया। पूरे दिन मैदान पर कड़ी टक्कर, सांसें थमा देने वाले पल और रोमांच से भरे मुकाबले देखने को मिले, जिनमें दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। परिणामों में बालिका वर्ग में अमिटी विजेता और एकेजीसीईई उपविजेता, जबकि बालक वर्ग में आरकेजीआईटी विजेता और अमिटी उपविजेता रही। कार्यक्रम में राष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी अश्वनी रंजन एवं रजत मलिक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समूह सलाहकार डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर डॉ. डी.के. चौहान, निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर श्री एच.जी. गर्ग, डीन अकादमिक्स डॉ. आर.के. यादव तथा ईईई विभागाध्यक्ष डॉ. एस.पी. बिहारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का सफल संचालन स्पोर्ट्स काउंसिल संयोजक विकास त्यागी, सह-संयोजक सौरभ सिंह तथा सदस्य राहुल शर्मा, उमाशंकर प्रजापति और सुश्री शालू त्यागी ने किया। पूरे आयोजन के दौरान सुश्री प्रिया शर्मा, मानस त्रिपाठी और वैभव शर्मा भी मौजूद रहे। टूर्नामेंट की सुचारु व्यवस्था हेतु स्पोर्ट्स ऑफिसर प्रशांत राठी के योगदान की विशेष सराहना की गई। कार्यक्रम की सफलता पर वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल का विशेष आभार प्रकट किया गया।

# अंश त्रुटि सुधार के लिए 15 सितंबर से 14 अक्टूबर तक कैंप का आयोजन होगा

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** एसडीम अजीत कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद के निर्देशन में तहसील मोदीनगर में अंश त्रुटि सुधार व राजस्व अभिलेखों में नाम सही कराने तथा मृतक खातेदार के स्थान पर विरासत दर्ज कराने हेतु दिनांक 15-09-2025 से 14-10-2025 तक* कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त के सम्बन्ध में कृषक अपने अंश सही कराने के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकता है तथा राजस्व अभिलेखों में नाम सही कराने हेतु (साक्ष्यों सहित) यथा खतौनी की नकल व बैनामा की छायाप्रति इत्यादि एवं खतौनी में मृतक खातेदार के स्थान पर विरासत दर्ज कराने हेतु मृतक खातेदार का मृत्युप्रमाण पत्र, वारिसों के आधार कार्ड की छायाप्रति व खतौनी नकल आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत कर सकता है। जिसका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जायेगा। उक्त कैम्प का आयोजन तहसील मोदीनगर के सभागार कक्ष में किया जायेगा।

# भाजपा कार्यकारिणी एमएलसी स्नातक चुनाव बैठक

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** भाजपा ने स्नातक विधान परिषद सदस्य की बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता हरीश ठाकुर, क्षेत्रीय संयोजक (एम0एल0सी0) स्नातक व मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद द्वारा की गयी। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने अभियान को सेवा पखवाड़े की एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए यशस्वी प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को पखवाड़े के माध्यम से मनाने का आह्वान किया। उन्होंनें आगामी स्नातक चुनाव की तैयारियों की चर्चा की और चुनाव को जीतने में रिकार्ड बनाने का आश्वासन दिया। क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी स्नातक विधान परिषद सदस्य हेतु चुनाव में जिले से वार्ड तक के सभी कार्यकताओं को जिम्मेदारी देनी चाहिए। संगठनात्मक रचना के अनुसार कार्ययोजना बनाकर चुनाव हेतु वोट बनवाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिये। हमारा प्रत्याशी रिकार्ड मतों से जीते, इसके लिये अभी से वोट बनवाने हेतु जुट जाना चाहिये। बैठक में महानगर संयोजक श्री अशोक मोगा, महानगर सह संयोजक अश्वनी शर्मा, संजीव झा, अजय शुक्ला, डॉ0 रिचा भदौरिया, विधान सभा संयोजक नवनीत मित्तल व ललित कश्यप मौजूद रहे। इस बैठक में एम0एल0सी0 स्नातक वोटों को बनवाये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल जी द्वारा आगामी स्नातक एम0एल0सी0 चुनाव में मतदान हेतु वर्ष 2023 तक के स्नातकों की अधिक से अधिक वोट बनाये जाने का अभियान चलाकर स्नातक वोटों का आवेदन पत्र भरवाने हेतु सभी मण्डल अध्यक्षों, मण्डल संयोजकों व मण्डल सह-संयोजकों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये और कहा कि हमें पार्टी के लिए अधिक से अधिक वोट बनवाने हैं। बैठक के अन्त में दिनेश कुमार गोयल, सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# 350 से अधिक पूर्व छात्र हुए शामिल, यादों और उपलब्धियों से सजी रही शाम



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आई.टी.एस. स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में शनिवार की शाम एक ऐतिहासिक और अविस्मरणीय अवसर के रूप में दर्ज हुई, जब संस्थान ने अपने सभी पीजीडीएम पासआउट छात्रों के लिए भव्य एलुमनाई मीट 2025 का आयोजन किया। यह आयोजन न केवल पुराने साथियों से मिलने-जुलने का अवसर बना, बल्कि इसने संस्थान और पूर्व छात्रों के बीच गहरे और अटूट रिश्तों को और भी प्रगाढ़ किया। शाम का शुभारंभ पारंपरिक सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसे पायनियर बैच के एलुमनाई, वरिष्ठ संकाय सदस्य, आई.टी.एस. - द एजुकेशन ग्रुप के निदेशक (जनसंपर्क) सुरेंद्र सूद और संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. अजय कुमार ने संपन्न किया। इस पावन शुरूआत ने पूरे वातावरण को श्रद्धा, ऊर्जा और उल्लास से भर दिया। निदेशक प्रो. डॉ. अजय कुमार ने अपने प्रेरक स्वागत भाषण में कहा कि आई.टी.एस. की असली ताकत उसके एलुमनाई हैं। उनकी उपलब्धियां संस्थान की पहचान और गौरव का आधार हैं। इसके बाद निदेशक (पीआर) श्री सुरेंद्र सूद ने भी अपने विचार साझा किए और पूर्व छात्रों को संस्थान का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि उनकी सफलता से ही संस्थान का भविष्य और उज्ज्वल होता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। भक्ति भाव से परिपूर्ण गणेश वंदना के बाद विद्यार्थियों ने शानदार समूह नृत्य और एकल प्रस्तुतियां दीं। मंच पर गीत, नृत्य और कविता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हास्य और मनोरंजन का रंग भरने के लिए स्टैंड-अप कॉमेडियन श्री पीयूष दुबे ने अपनी चुटीली बातों और लाजवाब प्रस्तुति से सबको खूब हँसाया। कार्यक्रम का सबसे भावुक और प्रेरणादायक क्षण था सम्मान समारोह। इसमें सबसे पहले पीजीडीएम 1997-1999 बैच के पायनियर एलुमनाई को सम्मानित किया गया। इसके बाद क्रमशः 2022-2024 तक के सभी स्नातक बैचों के पूर्व छात्रों को मंच पर सम्मानित किया गया। जैसे-जैसे एलुमनाई अपने अनुभव और सफलता की कहानियाँ साझा करते गए, पूरा माहौल भावुक यादों, उत्साह और गर्व से भर गया। कई पूर्व छात्र मंच पर आकर अपने कॉलेज जीवन और करियर यात्रा के महत्वपूर्ण अनुभवों को साझा करते हुए भावुक हो उठे। आयोजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा जनरल बॉडी मीटिंग, जिसका संचालन डॉ. डी.के. पांडे ने किया। इस बैठक में एलुमनाई नेटवर्किंग, भविष्य की योजनाओं और संस्थान-पूर्व छात्र सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। इसी के साथ एक नई एलुमनाई प्रबंधन समिति का गठन भी किया गया, जो आने वाले वर्षों में संस्थान और पूर्व छात्रों को और अधिक सशक्त रूप से जोड़ेगी। आयोजन का समापन समूह फोटो सत्र और भव्य रात्रिभोज से हुआ। इस दौरान एलुमनाई, फैकल्टी और छात्र एक साथ बैठकर पुरानी यादें ताजा करते रहे और आपसी संबंधों को और मजबूत बनाते रहे। आई.टी.एस.-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा ने एलुमनाई मीट की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और सभी पूर्व छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# प्रतिभाशाली छात्र, शिक्षक, खिलाड़ी, कलाकार और चिकित्सकों को सम्मानित किया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** जाट समाज मोदीनगर की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जाट समाज मोदीनगर के अध्यक्ष चौधरी ओमपाल सिंह गुलिया के आवास पर किया गया। इस बैठक में समाज के प्रतिभाशाली छात्र, शिक्षक, खिलाड़ी, कलाकार और चिकित्सको को सम्मानित किया गया। सभी को जाट समाज का प्रतीक चिन्ह दिया गया। इस सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। सभी वक्ताओं ने समाज के हित में अपने विचार रखे और दहेज प्रथा और नशाखोरी जैसी बुराइयों को समाज से खत्म करने का संकल्प लिया। समाज के अध्यक्ष ओमपाल सिंह गुलिया ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सभा की अध्यक्षता रणवीर मलिक ने की। कार्यक्रम का संचालन जाट समाज मोदीनगर के मीडिया प्रभारी मास्टर प्रेम चौधरी खंजरपुर ने किया। प्रधानाचार्य डॉ सरिता सिंधु को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विपिन गुलिया, बाबा परविंदर आर्य, वेदपाल मुखिया भारतीय किसान यूनियन, मास्टर प्रमोद सिरोही, मास्टर किरण पालसिंह, बिल्ला चौधरी, पहलवान अभिषेक चौधरी खंजरपुर, आदि उपस्थित रहे।

# पंजाब आपदा प्रभावित क्षेत्रों हेतु निष्काम सेवक जत्था समिति, मोदीनगर द्वारा राहत सामग्री रवाना

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** निष्काम सेवक जत्था समिति, मोदीनगर द्वारा पंजाब के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत सामग्री की एक बड़ी खेप रवाना की गई। इस राहत सामग्री में मुख्य रूप से दवाइयाँ, मेडिकल किट, रिलीव इन्हेलर, थमार्मीटर, सेनेटरी पैड, डॉयपर, ऑडोमॉस, मच्छर अगरबत्ती, डिटोल/सैवलॉन, सर्द मौसम को देखते हुए गर्म कंबल, गर्म वस्त्र, मच्छरदानी, तिरपाल, स्कूली बच्चों के लिए बैग और चप्पलें शामिल रहीं। इसके अतिरिक्त बेजुबान पशुओं एवं जीवों के लिए स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री भी भेजी गई। बाढ़ के बाद की पैदा हुई परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह खेप पंजाब भेजी गई। रवानगी से पूर्व निष्काम भवन, मोदीनगर में सामूहिक अरदास आयोजित की गई, जिसमें समिति की समस्त टीम, समस्त सहयोगी, श्रद्धालुगंण एवं शहर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संस्था के मुख्य संरक्षक चाननलाल ढींगरा के नेतृत्व और आशीर्वाद से राहत ट्रक पंजाब के न्यू अमृतसर के लिए रवाना हुआ। समिति के कार्यकारिणी सदस्य एवं संरक्षक दिलीप शर्मा अपनें सरंक्षण में राहत सामग्री से भरा ट्रक पंजाब लेकर रवाना हुए। समिति के ही अन्य संरक्षक धीरज कालरा नें राहत सामान प्रदान करनें वाले सभी सेवक परिवारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा आपनें जिस उम्मीद के साथ निष्काम को यह सेवा दी है आपके उस भरोसे और निष्ठा को समिति पंजाब जाकर पुरी जिम्मेदारी से निभाएगी। समिति के सचिव जसप्रीत सिंह ने बताया कि पंजाब में स्थापित राहत केंद्र के माध्यम हालात सामान्य होने तक राहत सहयोग पहुँचाया जाएगा।

# जिला पंचायत अध्यक्ष डॉअंतुल तेवतिया ने शहीद प्रभात गोड़ के परिवार से की मुलाकात

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर .श्रीनगर में मुठभेड़ में शहीद हुए ऊंचा गांव ब्लॉक के गांव पाली आनंद गढ़ी के जवान के परिजनों को श्रद्धांजलि देने के लिए रविवार की सांय जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया , विधायक देवेंद्र सिंह लोधी,जिला पंचायत सदस्या राफे खान, जिलापंचायत सदस्य नरेश चन्द्र, यूनिसपुर प्रधान नेपाल सिंह शक संवत परिवार को सांत्वना दी। जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया ने कहा कि शहीद हुए जवान के परिजनों को हर संभव मदद दिलाई जाएगी। उन्होंने शो कुल परिवार को सांत्वना देते हुए शहीद को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बताया कि यह देश के लिए गौरव का पल है। शहीद जवान के परिजनों को हर संभव मदद सरकार से दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री से मुलाकात कर शहीद के परिजनों को सहायता दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा इस प्रयास के लिए वह पूर्णतया अग्रसर हैं। बीते 8 सितंबर को श्रीनगर के कुलगाम में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान ऊंचा गांव ब्लॉक क्षेत्र के प्रभात गोड़ शहीद हो गए थे।

# वन विभाग और पुलिस की मिली भगत से प्रतिबंधित शीशम के पेड़ों का हुआ कटान

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर. औरंगाबाद थाना क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं ने प्रतिबंधित शीशम के हरे भरे पेड़ों को काट दिया। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि मानो लकड़ी माफियाओं को वन विभाग के अधिकारियों का तो खौफ ही नही है। वन विभाग के वन मंत्री साहब का खौफ भी नहीं है। भले ही उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर वृक्षारोपण के बड़े बड़े अभियान चला रही है। वहीं दूसरी ओर थाना थाना औरंगाबाद में ईदगाह के पास में लकड़ी माफियाओं ने स्थानिया पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत से बेखौफ होकर शीशम के पेड काट दिए इससे वन विभाग और पुलिस की कार्य शैली पर सवाल खड़े होते हैं। इतना ही नहीं पेड़ों को ऊपर से ही काट दिया गया है। लकड़ी माफिया बेखौफ होकर हरे भरे पेड़ो को काटकर अपने ट्रैक्टर ट्रॉली में लाद कर ले गए। अफसोस की बात यह है। कि वन विभाग को इस घटना की कोई जानकारी नहीं है। *जब इस संबंध में वन विभाग के डिप्टी उमेश यादव से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि कटान कि जानकारी है जांच कराई जा रही है।* लेकिन सवाल यह उठता है कि जब वन विभाग और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के चलते लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

# महापौर ने 10 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

## नाले और सड़कों की दशा सुधरेगी, जलभराव की समस्या से मिलेगी राहत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। शहर में विकास की रफ्तार तेज हो चुकी है। मोहन नगर क्षेत्र में रविवार को महापौर सुनीता दयाल ने करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य हर वार्ड तक विकास कार्यों को पहुँचाना है। नालों और सड़कों की बदहाल स्थिति को देखते हुए इन कार्यों की शुरूआत की गई है। महापौर ने बताया कि राजेन्द्र नगर औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 5.50 करोड़ रुपये की लागत से नाला निर्माण होगा। इसी तरह लाजपत नगर, शालीमार गार्डन, भोपुरा गाँव, छाबड़ा कॉलोनी और विजय नगर सहित कई वार्डों में सड़क निर्माण कार्य किए जाएंगे। इन योजनाओं के पूरे हो जाने के बाद लंबे समय से टूटी-फूटी गलियों और गड्ढों वाली सड़कों की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जलभराव और नालों की गंदगी की समस्या शहर के लोगों को लंबे समय से परेशान कर रही थी, लेकिन अब इन कार्यों से स्थिति सुधरेगी। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि भोपुरा क्षेत्र में सर्विस रोड पर कबाडियों और अन्य लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है और नाले को भी गंदा कर दिया गया है। उन्हें जगह खाली करने के लिए समय दिया गया है, अन्यथा नगर निगम द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नगर निगम निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करेगा। अवर अभियंताओं और ठेकेदारों को चेतावनी दी गई है कि कार्यों की जांच कराई जाएगी और किसी भी प्रकार की शिकायत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्थानीय लोगों को भी निगरानी में शामिल किया जाएगा ताकि पारदर्शिता बनी रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जनता के आभार प्रकट करते हुए कहा कि जब लोगों की परेशानियाँ कम होती हैं और उनके क्षेत्र में विकास कार्य होते हैं तो वही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारी समझें और शहर को साफ और व्यवस्थित रखने में सहयोग दें। कार्यक्रम के दौरान माहौल उत्साह से भरा रहा। स्थानीय नागरिकों ने महापौर का आभार व्यक्त किया और कहा कि लंबे समय से जिन रास्तों और गलियों की हालत खराब थी, अब वहां विकास की किरण पहुँचेगी। मौके पर पार्षद सचिन डागर, प्रमोद राघव, ओमवती देवी, रवि भाटी, कालीचरण पहलवान, यशपाल पहलवान, पूर्व पार्षद विनोद कसाना, नरेश जाटव, पप्पू पहलवान, मंडल अध्यक्ष अंकित गिरी, ज्योति चौहान, गुरुदास पाल, राज जैन, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी सियाराम, तेजपाल शर्मा, नवनीत शर्मा, नीलेश मित्तल, रामबीर शर्मा सहित बड़ी संख्या में औद्योगिक क्षेत्रवासी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। महापौर सुनीता दयाल के इस शिलान्यास कार्यक्रम ने शहर में विकास की नई उम्मीद जगाई है। नगर निगम का दावा है कि आने वाले दिनों में गाजियाबाद के सभी वार्डों में ऐसे ही कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और शहर को सुविधाओं से लैस किया जाएगा।



# गृहमंत्री अमित शाह से मिलीं महापौर सुनीता दयाल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। महापौर सुनीता दयाल ने राजधानी दिल्ली में देश के गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान शहरहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। महापौर ने गृहमंत्री को बताया कि गाजियाबाद नगर निगम किस तरह लगातार विकास योजनाओं पर कार्य कर रहा है, अतिक्रमण हटाने और भूमि खाली कराने की कार्रवाई को तेजी से अंजाम दिया जा रहा है और साथ ही शहर को साफ-सुथरा व व्यवस्थित बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

बैठक के दौरान महापौर ने गाजियाबाद में चल रही सड़कों, नालों और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह नगर निगम नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए समस्याओं का निस्तारण कर रहा है और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गृहमंत्री अमित शाह ने महापौर के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें शहर के विकास के लिए लगातार काम करते रहने की शुभकामनाएँ दीं। शाह ने कहा कि स्वच्छता अभियान और अतिक्रमण मुक्त शहर बनाने की दिशा में गाजियाबाद की पहल सराहनीय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि गाजियाबाद आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के सबसे साफ-सुथरे और व्यवस्थित शहरों में गिना जाएगा। महापौर सुनीता दयाल ने गृहमंत्री को आश्वस्त किया कि नगर निगम पूरी प्रतिबद्धता के साथ जनता के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि भूमि खाली कराने की मुहिम और अवैध कब्जों को हटाने की प्रक्रिया लगातार जारी है। इसके साथ ही नगर निगम शहर को प्रदूषण मुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए भी बड़े स्तर पर कार्य कर रहा है। इस मुलाकात को गाजियाबाद के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। महापौर का यह कदम शहर को नई योजनाओं और नई ऊर्जा देने वाला साबित होगा। जनता की उम्मीदें नगर निगम से और बढ़ गई हैं, क्योंकि गृहमंत्री जैसे बड़े नेता का मार्गदर्शन और शुभकामनाएँ अब शहर के विकास कार्यों को और मजबूती प्रदान करेंगी।

## एमएमजी अस्पताल की सफलता: 8 किलो का ट्यूमर निकालकर महिला को दी नई जिंदगी

**गाजियाबाद**। जिले के सरकारी चिकित्सालय एमएमजी अस्पताल ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता और जनसेवा की मिसाल पेश की है। शनिवार को यहां के चिकित्सकों की टीम ने एक बेहद जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देकर 48 वर्षीय महिला की जान बचा ली। महिला की ओवरी से आठ किलोग्राम का विशाल ट्यूमर निकालकर न केवल उसे जीवनदान दिया गया बल्कि उसके बेटे अकमल के चेहरे पर भी लंबे समय बाद मुस्कान लौट आई। गाजियाबाद की रहने वाली नरगिस नामक महिला पिछले एक वर्ष से पेट और उसके आसपास असहनीय दर्द झेल रही थी। परिजन इलाज के लिए कई प्राइवेट अस्पतालों के चक्कर काटते रहे, लेकिन वहां जांच के बाद ऑपरेशन के लिए करीब दो लाख रुपये की भारी–भरकम रकम मांगी गई। आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार के लिए यह राशि जुटा पाना नामुमकिन था। इसी बीच नरगिस के बेटे अकमल ने जिला एमएमजी अस्पताल का रुख किया और यहीं से उसकी मां की जिंदगी बचाने की राह खुल गई। एमएमजी अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में सर्जन डॉ. मिलिंद गौतम ने निश्चेतक विशेषज्ञ डॉ. चरन सिंह के सहयोग से शनिवार दोपहर ऑपरेशन किया। तीन घंटे चले इस जटिल ऑपरेशन में नरगिस की ओवरी से आठ किलो का ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। खास बात यह रही कि यह ऑपरेशन पूरी तरह सरकारी प्रक्रिया के तहत मात्र तीन सौ रुपये की रसीद कटवाकर किया गया। ऑपरेशन के बाद जब नरगिस को होश आया तो परिवारजन की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस ऑपरेशन ने एक बार फिर से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को भरोसा दिलाया है कि सरकारी अस्पतालों पर विश्वास करना ही सबसे सही विकल्प है

## दो किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मुरादनगर**। अपराध और नशे के खिलाफ अभियान में जुटी मुरादनगर थाना पुलिस ने शनिवार देर रात बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक शातिर तस्कर को धर दबोचा और उसके कब्जे से दो किलो गांजा बरामद किया। गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में पुलिस की सख्ती और सतर्कता का संदेश साफ झलकता है। एसीपी मसूरी सर्किल ने जानकारी दी कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति इलाके में गांजा बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम को अलर्ट कर इलाके में गहन चेकिंग अभियान शुरू किया गया। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम फिरोज निवासी पठानान कॉलोनी बताया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, फिरोज लंबे समय से नशे का अवैध कारोबार करता था और अपने नेटवर्क के जरिये युवाओं को नशे के जाल में फंसा रहा था। पुलिस अब उसके अन्य साथियों और सप्लाई चैन की कड़ी तलाश में जुट गई है। एसीपी मसूरी सर्किल ने कहा कि नशा समाज और युवाओं को खोखला कर रहा है। इस पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। मुरादनगर पुलिस की यह कार्रवाई आपराधिक तत्वों के लिए बड़ा संदेश है कि कानून के शिकंजे से बच पाना आसान नहीं है।

## मोबाइल पर बात कर रहे युवक पर धारदार हथियार से हमला

**मोदीनगर**। जिले के गांव अबूपुर में शनिवार रात को एक भयावह घटना घटी, जिसमें मोबाइल पर बात करते हुए टहल रहे निखिल शर्मा पर दो युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से चोटें पहुंचाई। परिवार और गाँववासी इस घटना से स्तब्ध हैं। पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया कि उनका पुत्र निखिल शर्मा शनिवार रात अपने मोबाइल पर बात करते हुए घर के पास टहल रहा था। इसी दौरान गाँव के दो युवक अंशित शर्मा और अनुज शर्मा वहां पहुंचे और निखिल के साथ गाली–गलौज करने लगे। निखिल ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने अचानक धारदार हथियार से हमला कर निखिल के सिर को गंभीर रूप से घायल कर दिया। एसीपी ने बताया कि निखिल के पिता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अंशित शर्मा और अनुज शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने इलाके में व्यापक तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद निखिल का परिवार और गाँववासी घबराए हुए हैं। स्थानीय लोग इस तरह की हिंसा की निंदा कर रहे हैं और पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। एसीपी ने आश्वस्त किया कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने इस घटना के बाद गांव में अतिरिक्त गश्त बढ़ा दी है ताकि ऐसे अपराधियों को किसी भी हाल में मौका न मिले। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की हिंसक घटनाओं को रोकने के लिए समुदाय और पुलिस के बीच सहयोग आवश्यक है।

## शिक्षक संघ ने उठाई आवाज: टीईटी अनिवार्यता से मिले राहत

# सांसद, कैबिनेट मंत्री और विधायकों से की मुलाकात, ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। देशभर के सेवारत शिक्षकों पर मंडरा रहे संकट को लेकर शिक्षक संघ ने बड़ा मोर्चा खोला है। संघ के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को सांसद, कैबिनेट मंत्री और विधायकों से भेंट कर ज्ञापन सौंपा और मांग की कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता से सेवा में कार्यरत शिक्षकों को मुक्त किया जाए।

दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में निर्णय दिया है कि देश के सभी प्राथमिक शिक्षक यदि सेवा में बने रहना चाहते हैं तो उन्हें दो वर्षों के भीतर टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। निर्णय के मुताबिक, जो शिक्षक इस अवधि में परीक्षा पास नहीं कर पाएंगे उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी जाएगी। केवल उन्हीं शिक्षकों को छूट दी गई है जिनकी सेवा अवधि 5 वर्ष से कम बची है, लेकिन उन्हें भी पदोन्नति के लिए यह परीक्षा पास करनी होगी। इस आदेश ने लाखों शिक्षकों की नींद उड़ा दी है। विशेषकर वे शिक्षक, जो शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पहले नियुक्त हुए थे, उनका कहना है कि उनकी नियुक्ति सेवा नियमावली के अनुरूप है, इसलिए उनके लिए टीईटी की शर्त लागू नहीं होनी चाहिए। शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को गाजियाबाद के कई बड़े नेताओं से मुलाकात की। सांसद अतुल गर्ग ने प्रतिनिधियों को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं को संसद में पूरी ताकत से रखा जाएगा। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि वह इस मुद्दे को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचाएंगे और सकारात्मक समाधान की कोशिश करेंगे। मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी ने शिक्षकों की समस्याओं पर गंभीरता दिखाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा। वहीं, गाजियाबाद शहर विधायक संजीव शर्मा और एमएलसी श्रीचंद्र शर्मा ने भी आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाएंगे और शिक्षकों के पक्ष में खड़े रहेंगे। लाखों शिक्षकों का भविष्य अधर में है, इसलिए अधिनियम में आवश्यक संशोधन कर उन्हें राहत दी जानी चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक संघ और शैक्षिक महासंघ के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदेश मित्तल, ब्लॉक अध्यक्ष लोनी मनोज डागर, रजापुर मनोज त्यागी, भोजपुर पुष्पेंद्र सिंह, मुरादनगर अमित यादव, साथ ही दिनेश कुमार, ओमेंद्र तिवारी, धर्मेश जौहर, रविन्द्र कुमार, संदीप कुमार, प्रमोद कुमार तथा जिला महामंत्री कनक सिंह त्यागी सहित अनेक जनपदीय पदाधिकारी इस मुलाकात में शामिल हुए। शिक्षक संघ का कहना है कि यह मुद्दा केवल गाजियाबाद का नहीं बल्कि पूरे देश के शिक्षकों का है। अगर सरकार ने इस पर समय रहते निर्णय नहीं लिया तो हजारों परिवार प्रभावित होंगे। सांसद, कैबिनेट मंत्री और विधायकों के आश्वासन के बाद शिक्षकों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही कोई सकारात्मक कदम उठाया जाएगा और उनकी वर्षों की सेवा का सम्मान बरकरार रहेगा।



## पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात लुटेरा शहबाज उर्फ पोली गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। थाना इंदिरापुरम पुलिस ने शनिवार देर रात बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक शातिर लुटेरे को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। कनावनी पुलिया के पास हुई इस मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान कुख्यात बदमाश शहबाज उर्फ पोली के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे धर दबोचा गया। वहीं उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल हो गया। घायल हालत में पकड़े गए शहबाज की पहचान दिल्ली के नंद नगरी निवासी 32 वर्षीय अपराधी के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है और फरार साथी की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित कर दी हैं। इंदिरापुरम पुलिस की टीम शनिवार रात क्षेत्र में बढ़ रही लूट और स्नैचिंग की वारदातों की रोकथाम के लिए चेकिंग कर रही थी। तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को रोकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर दोनों भागने लगे और इसी दौरान उनकी बाइक फिसलकर गिर पड़ी। एक युवक मौके से भाग गया, जबकि शहबाज ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और आत्मरक्षा में चलाई गई गोली उसके पैर में जा लगी। गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में शहबाज ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि वह अपने फरार साथी के साथ मिलकर गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर और दिल्ली-एनसीआर में राह चलते लोगों से मोबाइल, चैन और अन्य कीमती सामान लूटता था। वारदातों से हासिल माल को वह दिल्ली में सस्ते दामों पर बेच देता था और जो धनराशि मिलती, उसे मौज-मस्ती और ऐशो-आराम में उड़ाता था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, शहबाज पर लूट, स्नैचिंग, चोरी, आर्म्स एक्ट और पुलिस मुठभेड़ से जुड़े करीब दो दर्जन मामले दर्ज हैं।

# वैशाली फायर स्टेशन में हुई बैठक

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। शहर में आगामी दुर्गा पूजा, रामनवमी, दशहरा और दीपावली जैसे बड़े त्योहारों को देखते हुए वैशाली फायर स्टेशन में रविवार को एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पूजा पंडालों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु पंडालों में आते हैं और थोड़ी-सी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है। इसलिए हर आयोजक को फायर विभाग की गाइडलाइन का पालन करना आवश्यक है। बैठक के दौरान फायर विभाग ने बीते वर्षों में पंडालों में लगी आग और उसके कारण हुई तबाही का उल्लेख करते हुए आयोजकों को आगाह किया कि यदि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया तो वही घटनाएँ दोहराई जा सकती हैं। इस मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) राहुल पाल ने कहा कि आयोजकों को किसी भी हालत में सुरक्षा उपायों से समझौता नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब पंडाल बनते हैं तो लोगों की भीड़ स्वतः ही जुटती है। इस भीड़ को सुरक्षित रखना हमारी और आयोजकों की संयुक्त जिम्मेदारी है। जरा सी चूक भी सैकड़ों ज़िंदगियों को खतरे में डाल सकती है। सीएफओ राहुल पाल ने जोर देते हुए कहा कि पंडाल बनाने से पहले आयोजकों को ध्यान रखना चाहिए कि चारों तरफ पर्याप्त खुला स्थान छोड़ा जाए ताकि किसी आपात स्थिति में लोग आसानी से बाहर निकल सकें।




# एस.ओ.आर.टी. योजना के तहत इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन ने लगाए तीन आधुनिक एरोबिन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। शहर को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में भारतीय प्रदूषण नियंत्रण संघ (आईपीसीए) ने एक और सराहनीय कदम उठाया है। स्वर्णलता मथरसन ट्रस्ट के सहयोग से चलाई जा रही प्रमुख योजना एस.ओ.आर.टी. (कचरे का पृथक्करण, पुनः प्रयोग और उपचार) के अंतर्गत कौशांबी स्थित शिवालिक अपार्टमेंट में तीन आधुनिक एरोबिन स्थापित किए गए। इस व्यवस्था का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व डॉ. मनोज गोयल ने किया। इन एरोबिन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह सोसाइटी में उत्पन्न होने वाले गीले कचरे का निस्तारण उसी स्थान पर कर देते हैं और उसे उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद में बदल देते हैं। यह प्रक्रिया पूरी तरह से गंध-रहित, रसायन-रहित, बिजली-रहित और शून्य गैस उत्सर्जन वाली है। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ होगा बल्कि शहर के कूड़ा भराव स्थलों पर भी दबाव कम होगा। इस परियोजना की शुरूआत वर्ष 2018 में हुई थी। अब तक इसके छह चरण पूरे हो चुके हैं और दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, मुंबई, पुणे और बेंगलुरु के पाँच सौ से अधिक स्थानों पर इसका सफल क्रियान्वयन किया जा चुका है।